Website : www.mantrabharat.com

जुनून है सच लिखने का

E-Mail : mantrabharatmumbai@gmail.com, Mo. 7007837917

संस्करण : मुंबई
वर्ष : 11
अंक : 63
पृष्ठ : 8
मूल्य : 2.0
बुधवार, 11 मार्च, 2026

# मंत्र भारत

हिन्दी दैनिक

मुंबई, लखनऊ, प्रयागराज एवं ग्वालियर से एक साथ प्रकाशित एवं ठाणे, नवी मुम्बई, पालघर, नासिक एवं पुणे से प्रसारित



3 मेलघाट के दूरदराज गांवों में सोलर माइक्रो ग्रिड... 4 एआइ की दौड़ में कौन जीतेगा शक्ति की ... 7 'खेल का कोई धर्म नहीं', विश्व कप ट्रॉफी मंदिर...

## संक्षिप्त न्यूज

### मध्य पूर्व संकट पर केंद्र सरकार अलर्ट पीएम मोदी ने मंत्रियों को दिए अहम निर्देश

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और ईरान-इजराइल-अमेरिका के बीच चल रहे संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट बैठक में स्थिति की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने सभी मंत्रालयों और विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय संकट का असर आम लोगों पर कम से कम पड़े, इसके लिए पहले से तैयारी रखी जाए।

28 फरवरी 2026 से शुरू हुआ यह टकराव अब लगातार बढ़ता जा रहा है। खबरों के मुताबिक ईंह और ईंत के बीच तनाव के दौरान अमेरिका की भागीदारी से हालात और जटिल हो गए हैं। अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर कई हवाई हमले किए गए, जिसके जवाब में ईरान ने भी क्षेत्रीय लक्ष्यों पर कार्रवाई की। इस संघर्ष का असर खाड़ी क्षेत्र के महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य पर भी पड़ा है, जो वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का प्रमुख रास्ता माना जाता है।

भारत जैसे ऊर्जा आयात पर निर्भर देशों के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण बन सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनिश्चितता बढ़ने से कच्चे तेल और एलपीजी सप्लाई पर दबाव देखा जा रहा है। कुछ राज्यों में घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर चिंता जताई जा रही है। कई होटल और रेस्तरां संचालकों ने भी सप्लाई को लेकर मुश्किलों की बात कही है। स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने ऊर्जा आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए कई फैसले किए हैं। देश की रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। घरेलू उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

### तिरुचिरापल्ली दौरे से पहले पीएम मोदी का डीएमके पर वार

# एनडीए की लोकप्रियता से घबराई सरकार

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बताया कि वे 11 मार्च को तिरुचिरापल्ली में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की संयुक्त रैली को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के लोग डीएमके के कुशासन और अधूरे वादों को भांपते हुए एनडीए के आशा और प्रगति के एजेंडे से जुड़ रहे हैं। एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि डीएमके राज्य भर में एनडीए की बढ़ती लोकप्रियता से साफ तौर पर घबरा गई है।

पीएम मोदी ने पोस्ट में लिखा कि कल, 11 मार्च को शाम करीब 6:30 बजे, मैं तिरुचिरापल्ली में एनडीए की रैली में तमिलनाडु के एनडीए नेताओं के साथ शामिल होऊंगा। डीएमके राज्य भर में एनडीए की बढ़ती लोकप्रियता से साफ तौर पर घबरा गई है। तमिलनाडु के लोगों ने डीएमके के कुशासन और अधूरे वादों को भांप लिया है। इसीलिए वे एनडीए के आशा और प्रगति के एजेंडे से जुड़ रहे हैं। एनडीए की संयुक्त रैली को संबोधित करने के अलावा, प्रधानमंत्री तिरुचिरापल्ली में लगभग 5,650 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे, आधारशिला



रखेंगे और हरी झंडी दिखाएंगे। ये परियोजनाएं पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस अवसंरचना, स्नेहक निर्माण, ग्रामीण संपर्क, राजमार्ग विकास और रेलवे सेवाओं सहित प्रमुख क्षेत्रों को कवर करती हैं।

पेट्रोलियम क्षेत्र में, प्रधानमंत्री नीलगिरी और इरोड जिलों में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के 3,680 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से निर्मित सिटी गैस वितरण नेटवर्क की आधारशिला रखेंगे। इस परियोजना से 8.8 लाख से अधिक घरों को पीएनजी कनेक्शन मिलेंगे, 200 से अधिक वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को गैस की आपूर्ति होगी और 201 से अधिक सीएनजी स्टेशन स्थापित होंगे। प्रधानमंत्री चेन्नई के मनाली में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के 672 हजार मीट्रिक टन प्रति वर्ष ल्यूब ब्लेंडिंग प्लांट को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। लगभग 1,490 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित यह संयंत्र भारत की स्नेहक निर्माण क्षमता को मजबूत करेगा।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत, प्रधानमंत्री तमिलनाडु में 370 किलोमीटर लंबी 89 ग्रामीण सड़कों का उद्घाटन करेंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बाजारों, स्कूलों और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार होगा। प्रधानमंत्री एनएच-81 पर गंगईकोंडा चोलपुरम के पास ग्रीनफील्ड बाईपास की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों और एक यात्री ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाएंगे, जिससे तमिलनाडु और तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और पूर्वी भारत सहित अन्य क्षेत्रों के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा, जिससे यात्रियों को लाभ होगा और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

# वेस्ट गारो हिल्स में दो समूहों के बीच हिंसक झड़प, गोलीबारी में दो की मौत; सेना तैनात की गई

शिलांग। मेघालय के वेस्ट गारो हिल्स जिले में हिंसा के बाद सेना को तैनात किया गया। अधिकारियों ने बताया कि दो समूहों के बीच झड़प के बाद कथित तौर पर सुरक्षा बलों की गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई।



अधिकारियों के अनुसार, गारो हिल्स स्वायत्त जिला परिषद (जीएचएडीसी) चुनाव के नामांकन प्रक्रिया के दौरान तनाव बढ़ गया था। हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों को गोली चलानी पड़ी। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि नागरिक प्रशासन के अनुरोध पर वेस्ट गारो हिल्स में सेना की टुकड़ियां तैनात की गई हैं और इलाके में फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

हालांकि, उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि शांति बहाल करने के लिए कितनी सेना की टुकड़ियां तैनात की गई हैं। आमतौर पर सेना की एक टुकड़ी में लगभग 60 से 80 जवान होते हैं। वेस्ट गारो हिल्स के पुलिस अधीक्षक अब्राहम टी संगमा ने बताया कि यह घटना चिबिनांग इलाके में हुई, जहां आदिवासी और गैर-आदिवासी समूहों के बीच झड़प हो गई थी।

## 'चीन के सामने झुकी सरकार', एफडीआई नियमों में ढील को लेकर कांग्रेस ने साधा निशाना

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को चीन के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के नियमों में ढील देने के लिए केंद्र सरकार पर निशाना साधा। पार्टी ने कहा कि यह नरेंद्र मोदी सरकार की चीन के सामने आत्मसमर्पण की नीति का ही एक हिस्सा है।

सरकार ने आज भारत के साथ जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों के लिए एफडीआई नियमों में ढील दी, जिनमें चीन भी शामिल है। अब इन देशों के निवेशकों की दस फीसदी की हिस्सेदारी वाली कंपनियां भारत में बिना अनिवार्य सरकारी मंजूरी के निवेश कर सकेंगी। पहले नियम यह था कि अगर किसी विदेशी कंपनी में चीन या भारत से लगी सीमा वाले देश का एक भी निवेशक (एक शेयर वाला भी) शामिल है, तो उस कंपनी को भारत में निवेश करने से पहले सरकार से अनुमति लेनी पड़ती थी।

हालांकि, एफडीआई से जुड़े बाकी नियम (जैसे किसी क्षेत्र में निवेश की सीमा और निवेश करने का तरीका) इन निवेशों पर पहले की तरह लागू रहेंगे। इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि एफडीआई नियमों में चीन के लिए ढील देने का मोदी सरकार का फैसला हैरान करने वाला नहीं है। यह मोदी सरकार की ओर से उस देश के सामने सुनियोजित तरीके से आत्मसमर्पण का ही एक हिस्सा है, जिसे खुद मोदी ने 19 जून 2020 को पूर्वी लद्दा में 20 जवानों के शहीद होने के बाद क्लीन चिट दे दी थी। रमेश ने कहा कि भारत-चीन संबंध बीजिंग की शर्तों पर सामान्य हो रहे हैं, जबकि 2025 में भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा रिकॉर्ड स्तर पर 115 अरब डॉलर से अधिक पहुंच गया।

# मिडिल ईस्ट संकट का असरः तमिलनाडु में एलपीजी की किल्लत? मुख्यमंत्री स्टालिन ने पीएम मोदी से कहा को लिखा खत

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर खाड़ी देशों में रहने वाले तमिलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की जांच करने के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। यह आग्रह पश्चिम एशिया में ईरान, इज़राइल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच बढ़ते युद्ध के मद्देनजर आया है, जो खाड़ी देशों तक फैल चुका है।

स्टालिन ने आज सुबह तमिलनाडु पर चल रहे अमेरिका-ईरान संघर्ष के संभावित प्रभाव का आकलन करने और आवश्यक प्रतिक्रियात्मक उपायों की रूपरेखा तैयार करने के लिए एक समीक्षा बैठक की। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने एक पोस्ट में कहा कि मैंने माननीय प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर प्रभावित



खाड़ी देशों में रहने वाले तमिलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और क्षेत्र में फंसे तमिलनाडु के मछुआरों के कल्याण की रक्षा करने के लिए केंद्र सरकार से आग्रह किया है।

स्टालिन ने कहा कि मैंने इस बात पर भी जोर दिया है कि केंद्र सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस संघर्ष के कारण उत्पन्न एलपीजी सिलेंडर की कमी से तमिलनाडु में आम जनता, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों या लघु एवं मध्यम उद्यमों को कोई परेशानी न हो। मैंने यह भी आग्रह किया है कि व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कमी से प्रभावित रेस्तरांओं के लिए सभी आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्थाएं की जाएं और आवश्यक अतिरिक्त बिजली की व्यवस्था की जाए।

इस बीच, चेन्नई होटल्स एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री से खाद्य उद्योग के लिए आवश्यक व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति में हस्तक्षेप करने की अपील की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष एम रवि ने प्रधानमंत्री मोदी और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी को लिखे पत्र में कहा है कि चेन्नई शहर में एलपीजी सिलेंडरों की कमी को देखते हुए व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति को आवश्यक आपूर्ति सूची में शामिल किया जाना चाहिए। एसोसिएशन ने कहा कि आईटी उद्योग, कॉलेज, पर्यटन, यात्री और विवाह एवं सम्मेलनों के भोज स्थल मुख्य ग्राहक हैं, जिन पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ने की संभावना है, और प्रधानमंत्री से इस मुद्दे को तुरंत हल करने की अपील की।

# सीएम ममता बनर्जी बोलीं- किसी की धमकी बर्दाश्त नहीं करेंगे, सीईसी ज्ञानेश कुमार ने आरोपों पर दी सफाई

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के मुद्दे पर सियासत तेज हो गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें चेतावनी दी है कि वह अपनी सीमा से बाहर न जाएं। इसके जवाब में निर्वाचन आयोग ने कहा है कि राज्य में किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा और आयोग का लक्ष्य स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराना है।

कोलकाता के एस्प्लानेड स्थित मेट्रो चैनल पर धरने के दौरान ममता बनर्जी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर कटाक्ष करते हुए कहा कि साहस होना अच्छी बात है, लेकिन दुस्साहस के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए हुई बैठक में राज्य के अधिकारियों को धमकाया गया। ममता बनर्जी ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि बैठक में अधिकारियों को यह कहा गया कि अभी ही नहीं बल्कि मई के बाद भी उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि





पहले अपनी कुर्सी बचाइए, फिर बंगाल के अधिकारियों और लोगों को धमकाइए।

मुख्यमंत्री ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर व्यंग्य करते हुए यह भी कहा कि वह खुद को किसी काल्पनिक नायक की तरह समझ रहे हैं और ऐसे लोग लोकतंत्र को कमजोर करते हैं। कालीघाट मंदिर की उनकी यात्रा का जिक्र करते हुए ममता ने कहा कि मंदिर जाते समय कोई लगभग फिसल गया था, शायद यह संकेत है कि देवी मां भी वैध मतदाताओं के नाम हटाए जाने से खुश नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची से बड़ी संख्या में लोगों के नाम हटाए गए हैं और इसमें हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोगों को प्रभावित किया गया है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम मतदाताओं को विशेष रूप से निशाना बनाया गया है। ममता बनर्जी ने यह भी सवाल उठाया कि यदि मतदाता सूची में कथित तर्कगत त्रुटियां हैं तो वह केवल पश्चिम बंगाल में ही क्यों सामने आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तकनीकी साधनों के प्रयोग से उपनामों में गलतियां पैदा की गई हैं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि एक योजना के तहत पहले वास्तविक मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा रहे हैं और बाद में मतदान मशीनों में गड़बड़ी करने की कोशिश की जा सकती है। उन्होंने दावा किया कि मतगणना के दिन भी ऐसी रणनीति अपनाई जा सकती है जिससे जनता को गलत संदेश दिया जाए।

धरना स्थल पर उनके साथ मौजूद तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भी कहा कि लगभग साठ लाख लोगों के मतदान अधिकार बहाल होने तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि कोलकाता में हजारों होटलों के बावजूद मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने वही होटल क्यों चुना जहां अक्सर भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेता ठहरते हैं।

### एलपीजी प्राइज हाइक की अटकलों पर विराम!

# सरकारी सूत्रों ने कहा- देश में पर्याप्त स्टॉक, दाम नहीं बढ़ेंगे

नई दिल्ली। एलपीजी (लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस) की कमी की खबरों के बीच, सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को कहा कि पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और उत्पादन में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। सूत्रों ने यह भी बताया कि भारत लगभग 40 देशों से आपूर्ति प्राप्त कर रहा है और होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर से गैस आयात का हिस्सा पहले के 55 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि देश की सभी रिफाइनरियां 100 प्रतिशत क्षमता पर काम कर रही हैं और फिलहाल कीमतों में वृद्धि की कोई आवश्यकता नहीं है।

सूत्रों ने बताया कि उद्योग से गैस की आपूर्ति करके गैस की कमी को नियंत्रित किया जा रहा है। पहले इक्कीस दिनों में बुकिंग होती थी, जिसे अब बढ़ाकर पच्चीस दिन कर दिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि पहले वितरकों तक स्टॉक लगभग ढाई दिनों में पहुंच जाता था, और अब भी उतना ही समय लग रहा है। सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर



रही हैं, और प्रतिदिन देश भर में लगभग 60 लाख सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है।

सूत्रों ने यह भी स्पष्ट किया कि 60 रुपये की मूल्य वृद्धि मौजूदा स्थिति के कारण नहीं है, बल्कि पिछले वर्ष की कम वसूली से संबंधित है। घरेलू खाना पकाने वाली गैस एलपीजी की कीमत में शनिवार को प्रति सिलेंडर 60 रुपये की भारी वृद्धि की गई, जो एक वर्ष से भी कम समय में दूसरी वृद्धि है। पश्चिम एशिया संकट के बाद वैश्विक ऊर्जा कीमतों में आई तेजी का असर दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता पर पड़ा है।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में गैर-सब्सिडी वाली एलपीजी - जिसका उपयोग आम घरों में रसोई में होता है - अब 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर के लिए 853 रुपये के मुकाबले 913 रुपये में मिलेगी। उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों - 2016 से मुफ्त एलपीजी कनेक्शन प्राप्त करने वाले 10 करोड़ से अधिक गरीब लोगों - को भी इतनी ही मूल्य वृद्धि का सामना करना पड़ेगा।

## 'राहुल गांधी ने कभी घुटने नहीं टेके', लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर बोलीं प्रियंका गांधी

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी सत्ताधारी पक्ष के दबाव के बावजूद लगातार सच बोलते रहे हैं। सदन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश में केवल एक ही व्यक्ति है जिसने उनके (सत्ताधारी पक्ष के) सामने सिर नहीं झुकाया है। वह हैं विपक्ष के नेता। वे उनके द्वारा बोले गए सच को पचा नहीं पा रहे हैं।



इस बीच, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में अध्यक्ष को हटाने के प्रस्ताव का जवाब देते हुए विपक्ष पर अशांत होने और जनता की इच्छा के विरुद्ध जाने का आरोप लगाया, क्योंकि उनका आरोप है कि वे अध्यक्ष की शक्ति को अपने लिए हथियाना चाहते हैं। नारेबाजी के बीच विपक्षी सांसदों पर कटाक्ष करते हुए मंत्री रिजिजू ने राहुल गांधी के पिछले बयान का हवाला देते हुए कहा कि अगर कोई सदन में खुद को स्पीकर से ऊपर समझता है तो उसके लिए उनके पास कोई उपाय नहीं है।

उन्होंने कहा कि संविधान और सदन के नियमों को देखें तो स्पीकर के किसी भी फैसले को आज तक चुनौती नहीं दी गई है। उस दिन मुझे इस बात से ठेस पहुंची थी कि विपक्षी सांसद ने कहा था कि 'मुझे संसद में बोलने के लिए किसी से अनुमति लेने की जरूरत नहीं है', जो रिकॉर्ड में दर्ज है। संसद में बोलना मेरा अधिकार है, हमारे विपक्ष के नेता ने यह कहा था। इसलिए मैं सोच रहा था कि कांग्रेस में कई वरिष्ठ सदस्य हैं, उन्होंने यह क्यों नहीं समझाया कि इस सदन में प्रधानमंत्री, मंत्री, विपक्ष के नेता मौजूद रह सकते हैं, लेकिन बोलने के लिए स्पीकर की अनुमति जरूरी है।

# पश्चिम बंगाल के वोटरों को राहत! सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अब ट्रिब्यूनल करेगा खारिज आवेदनों की सुनवाई

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। सर्वोच्च न्यायालय ने ममता बनर्जी और अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के अन्य सांसदों द्वारा पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान, न्यायालय ने भारत निर्वाचन आयोग को कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श करके एक अपीलीय न्यायाधिकरण गठित करने के लिए अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया। इस न्यायाधिकरण में एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीश शामिल होंगे और यह उन मामलों में अपील की सुनवाई करेगा जहां न्यायिक अधिकारियों द्वारा आवेदन खारिज कर दिए गए हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यदि न्यायिक अधिकारी किसी आवेदन को अस्वीकार करते हैं, तो उन्हें अस्वीकृति के स्पष्ट कारण बताने होंगे। न्यायाधिकरण के संचालन का खर्च चुनाव आयोग वहन करेगा।

राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने न्यायालय



को सूचित किया कि कुल 63 लाख मामलों में से लगभग 7 लाख मामलों पर अब तक कार्यवाही हो चुकी है, जिससे लगभग 57 लाख मामले अभी भी लंबित हैं। मुख्य न्यायाधीश ने उल्लेख किया कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने न्यायालय को सूचित किया था कि लगभग 10 लाख आपत्तियों का निपटारा पहले ही किया जा चुका है। न्यायालय ने अग्रिम याचिका दायर किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह गलत संदेश देता है और व्यवस्था में अविश्वास दर्शाता है। पीठ ने प्रश्न किया कि याचिकाकर्ता न्यायिक अधिकारियों के कामकाज को कैसे चुनौती दे सकते हैं और इस संबंध में कड़ी चेतावनी जारी की।

जवाब में मेनका गुरुस्वामी ने कहा कि याचिकाकर्ताओं का न्यायिक अधिकारियों पर सवाल उठाने का कोई इरादा नहीं था और उन्होंने स्वीकार किया कि इस तरह के संदेह उठाना वाकई चौंकाने वाला होगा। अदालत ने यह भी कहा कि वह इस आवेदन पर अवमानना नोटिस जारी करने पर विचार कर रही है



# महिला कर्मचारियों के सम्मान में प्रेरणादायक पहलों के साथ पश्चिम रेलवे द्वारा महिला दिवस मनाया गया

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

पश्चिम रेलवे द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर महिला कर्मचारियों के योगदान को सम्मानित करने तथा महिलाओं के स्वास्थ्य, सशक्तिकरण और समग्र कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न आकर्षक एवं सार्थक कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया गया।
पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, महिला दिवस समारोह की निरंतरता में 10 मार्च, 2026 को रेल निकुंज, मुंबई सेंट्रल में पश्चिम रेलवे द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री प्रदीप कुमार इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे तथा पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती ईशा मलिक सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में महिलाओं को सशक्त बनाने तथा सभी क्षेत्रों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में पश्चिम रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष, मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक तथा पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ रेल अधिकारी उपस्थित रहे। पश्चिम रेलवे के प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री सहर्ष बाजपाई ने अतिथियों का स्वागत किया। इस





अवसर पर महाप्रबंधक ने 'सहयोगिनी' शीर्षक से एक जानकारीपूर्ण पुस्तिका का विमोचन किया, जिसमें नारी सशक्तिकरण तथा कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर विशेष बल दिया गया है।
इस समारोह के अंतर्गत महिला कर्मचारियों द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से उनकी प्रतिभा, सृजनात्मकता और उत्साह का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। इन प्रस्तुतियों ने पूरे कार्यक्रम में उत्सव का माहौल बना दिया तथा महिला कर्मचारियों की सक्रिय और उत्साहपूर्ण भागीदारी को भी दर्शाया। इसके पश्चात मार्शल आर्ट्स विशेषज्ञों द्वारा आत्मरक्षा का प्रदर्शन किया गया। साथ ही, एक सर्व-महिला बैंड द्वारा प्रस्तुत शानदार संगीत कार्यक्रम ने समारोह में और अधिक उत्साह एवं ऊर्जा का संचार किया।
कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा तथा अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाली बालिका प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। यह सम्मान युवा बालिकाओं को उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ने, आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार करने तथा उन्हें और अधिक सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदान किया गया।
श्री विनीत ने आगे बताया कि 9 मार्च 2026 को चर्चगेट स्थित पश्चिम रेलवे मुख्यालय कार्यालय में 'स्वस्थ महिला, स्वस्थ विश्व' विषय पर स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अतिरिक्त महिलाओं के लिए 'माई इंस्पिरेशन- माई स्टोरी' शीर्षक से एक रोचक सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने अपने प्रेरणादायक अनुभवों को वक्तव्य और कविता के माध्यम से साझा किया। महिला कर्मचारियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स तथा उनके द्वारा खींची गई फोटोग्राफ्स को प्रदर्शित कर एक प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में महिला कर्मचारियों की रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही प्रतिभागियों के लिए रोचक एवं मनोरंजक गतिविधियाँ जैसे क्विज़ प्रतियोगिता, कराओके गायन तथा ऑन-द-स्पॉट खेलों का भी आयोजन किया गया, जिससे कार्यक्रम में सहभागियों के बीच उत्साहपूर्ण और जीवंत वातावरण बना रहा।
ऐसे ही विभिन्न कार्यक्रम पश्चिम रेलवे के छहों मंडलों अर्थात मुंबई सेंट्रल, वडोदरा, अहमदाबाद, राजकोट, भावनगर और रतलाम में भी आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त साबरमती एवं दाहोद कारखाने तथा मुंबई सेंट्रल स्थित पश्चिम रेलवे के जगजीवन राम अस्पताल में भी महिला दिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
पश्चिम रेलवे द्वारा इन पहलों के माध्यम से लैंगिक समानता को बढ़ावा देने, महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने तथा एक समावेशी और सहयोगात्मक कार्य वातावरण के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया गया। ये समारोह पश्चिम रेलवे के उन सतत प्रयासों को भी दर्शाते हैं, जिनके माध्यम से महिला कर्मचारियों के समर्पण, शक्ति और उपलब्धियों को सम्मानित किया जाता है।

# मध्य रेलवे भुसावल मंडल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

भुसावल। मध्य रेलवे के भुसावल मंडल द्वारा दिनांक 09.03.2026 को भुसावल स्थित कृष्णचंद्र सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक श्री पुनीत अग्रवाल द्वारा दीप



प्रज्वलित कर किया गया।
इस अवसर पर श्री सुनील कुमार सुमन, अपर मंडल रेल प्रबंधक (प्रशासन), एम. के. मीना, अपर मंडल रेल प्रबंधक (तकनीकी), वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी दिलीप खरात सहित अन्य अधिकारी एवं महिला कल्याण समिति की सभी सदस्याएं उपस्थित थीं।
कार्यक्रम के दौरान रंगोली प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, गीत गायन प्रतियोगिता, समूह नृत्य प्रतियोगिता तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भुसावल मंडल की लगभग 500 महिलाओं ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।
इन प्रतियोगिताओं में विजेता रही महिलाओं को मंडल रेल प्रबंधक पुनीत अग्रवाल के हस्तों स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी SBF सदस्यों एवं कल्याण निरीक्षकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# आईआरसीटीसी पश्चिम क्षेत्र, मुंबई में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

मुंबईः अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी), पश्चिम क्षेत्र, मुंबई द्वारा महिला कर्मचारियों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन में महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित करना था।
इस कार्यक्रम में मानव संसाधन, वित्त, कैटरिंग तथा पर्यटन विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की प्रगति में महिला कर्मचारियों की समर्पण, पेशेवर दक्षता



और प्रतिबद्धता की सराहना की गई।
इस अवसर पर कार्यालय की सभी महिला कर्मचारियों को श्री गौरव झा, ग्रुप जनरल मैनेजर, आईआरसीटीसी पश्चिम क्षेत्र, मुंबई द्वारा सम्मानित किया गया तथा उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें उपहार वाउचर प्रदान किए गए।
यह समारोह आईआरसीटीसी की महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता और सकारात्मक एवं समावेशी कार्यस्थल के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# राज्य में 14 वर्ष की लड़कियों के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू

मंत्र भारत । भाईंदर
भारत में महिलाओं में कैंसर से होने वाली मौतों के प्रमुख कारणों में से एक सर्वाइकल कैंसर है। इसके लगभग सभी मामले ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) संक्रमण के कारण होते हैं, जिसे समय पर टीकाकरण से प्रभावी रूप से रोका जा सकता है। इसी उद्देश्य से भारत सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किशोर लड़कियों के लिए बड़े स्तर पर एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया है।
महाराष्ट्र राज्य में यह अभियान 8 मार्च 2026 से शुरू किया गया है। इसी क्रम में मीरा-भाईंदर महानगरपालिका ने 14 से 15 वर्ष की लड़कियों (जो 14 वर्ष की हो चुकी हैं लेकिन अभी 15 वर्ष की नहीं हुई हैं) के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया है।
इस अभियान का उद्घाटन 10 मार्च 2026 को नवघर स्वास्थ्य केंद्र में महापौर डिंपल मेहता, उपमहापौर ध्रुवकिशोर पाटिल, महिला एवं बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष अनीता पाटिल तथा चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नंदकिशोर लहाने की उपस्थिति में किया



गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि सचिन डोंगरे, विशाल पाटिल, वंदना पाटिल, करुणा पाटिल तथा मातृ एवं शिशु कल्याण अधिकारी डॉ. प्रमोद पडवाल भी उपस्थित थे।
इस अभियान के तहत सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) तथा महानगरपालिका और सरकारी अस्पतालों में एचपीवी वैक्सीन (गार्डासिल-4) निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।
एचपीवी वैक्सीन का उपयोग दुनिया भर में लगभग 20 वर्षों से किया जा रहा है और इसके करोड़ों डोज़ दिए जा चुके हैं। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह सिद्ध हुआ है कि यह टीका सुरक्षित है। टीकाकरण के बाद इंजेक्शन वाली जगह पर दर्द, लालिमा या सूजन, हल्का बुखार, सिरदर्द, थकान, मतली या चक्कर जैसी मामूली परेशानियां हो सकती हैं, लेकिन इसके कोई गंभीर दुष्प्रभाव नहीं पाए गए हैं।
मीरा-भाईंदर महानगरपालिका के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक और अधूरी जानकारी वाले वीडियो पर ध्यान न दें और अपनी बेटियों को यह टीका अवश्य लगवाएं।
अभियान की प्रमुख जानकारी
एचपीवी वैक्सीन की एक खुराक (गार्डासिल-4)
सभी कार्य दिवसों में उपलब्ध
समयः सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक
स्थानः मीरा-भाईंदर महानगरपालिका के सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, भारत रत्न इंदिरा गांधी अस्पताल तथा सरकारी पंडित भीमसेन जोशी अस्पताल, भाईंदर (पश्चिम)
विशेष अभियान की अवधिः 3 महीने
अभियान समाप्त होने के बाद एचपीवी वैक्सीन को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम का हिस्सा बना दिया जाएगा। सर्वाइकल कैंसर से बचाव में इस वैक्सीन के महत्व को देखते हुए महापौर ने महानगरपालिका क्षेत्र की 14 से 15 वर्ष की सभी लड़कियों से अपने माता-पिता के साथ टीकाकरण कराने की अपील की है।

# मध्य रेल द्वारा मुंबई/पुणे से गोरखपुर/दानापुर के लिए 176 विशेष ट्रेनें

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए मध्य रेल मुंबई/पुणे से गोरखपुर/दानापुर के लिए विशेष शुल्क पर 176 विशेष ट्रेन सेवाएं चलाएगा।
विवरण इस प्रकार हैः
(1)सीएसएमटी मुंबई-गोरखपुर-सीएसएमटी दैनिक विशेष ट्रेनें (44 सेवाएं)
ट्रेन संख्या 01079 विशेष ट्रेन दिनांक 10.03.2026 से 31.03.2026 तक प्रतिदिन 22:30 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 10:00 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। (22 सेवाएं)
ट्रेन संख्या 01080 विशेष ट्रेन दिनांक 12.03.2026 से 02.04.2026 तक प्रतिदिन 14:30 बजे गोरखपुर से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 00:40 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी। (22 सेवाएं)
ठहराव : दादर, ठाणे, कल्याण, नाशिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरंगना लक्ष्मीबाई झांसी, ओराई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, बस्ती और खलीलाबाद।
संरचनाः 1 एसी-2 टियर, 6 एसी-3 टियर, 9 शयनयान श्रेणी , 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन।
(2) एलटीटी-दानापुर-एलटीटी दैनिक विशेष (44 सेवाएं)
ट्रेन संख्या 01143 विशेष दिनांक 10.03.2026 से 31.03.2026 तक प्रतिदिन 10.30 बजे एलटीटी से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 18.45 बजे दानापुर पहुंचेगी। (22 सेवाएँ)
ट्रेन संख्या 01144 विशेष दिनांक 11.03.2026 से 01.04.2026 तक प्रतिदिन 21.30 बजे दानापुर से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 07.45 बजे एलटीटी पहुंचेगी। (22 सेवाएँ)
ठहराव : ठाणे, कल्याण, नाशिक रोड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.,बक्सर एवं आरा.
संरचनाः 1 एसी-2 टियर, 6 एसी-3 टियर, 9 शयनयान श्रेणी , 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन
(3) पुणे-गोरखपुर-पुणे दैनिक विशेष ट्रेनें (44 सेवाएं)
ट्रेन संख्या 01415 विशेष ट्रेन दिनांक 10.03.2026 से 31.03.2026 तक प्रतिदिन पुणे से सुबह 06.50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन शाम 16.00 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। (22 सेवाएं)
ट्रेन संख्या 01416 विशेष ट्रेन दिनांक 11.03.2026 से 01.04.2026 तक प्रतिदिन गोरखपुर से शाम 17.30 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन सुबह 03.15 बजे पुणे पहुंचेगी। (22 सेवाएं)
ठहराव : दौंड कॉर्ड केबिन, अहिल्यानगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, रानी कमलापति, बीना, वीरंगना लक्ष्मीबाई झांसी, ओराई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा और बस्ती।
संरचनाः 1 एसी-2 टियर, 5 एसी-3 टियर, 6 शयनयान श्रेणी , 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड का ब्रेक वैन।
(4) पुणे - दानापुर - पुणे दैनिक विशेष (44 सेवाएं)
ट्रेन संख्या 01449 विशेष प्रतिदिन दिनांक 10.03.2026 से 31.03.2026 तक पुणे से 15:30 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 02:45 बजे दानापुर पहुंचेगी। (22 सेवाएं)
ट्रेन संख्या 01450 विशेष प्रतिदिन दिनांक 12.03.2026 से 02.04.2026 तक दानापुर से सुबह 05:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन शाम 18:15 बजे पुणे पहुंचेगी। (22 सेवाएं)
ठहराव : दौंड कॉर्ड केबिन, अहिल्यानगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा।
संरचनाः 1 एसी 2-टियर, 5 एसी 3-टियर, 6 शयनयान श्रेणी , 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 लगेज सह गार्ड ब्रेक वैन। आरक्षणः उपरोक्त विशेष ट्रेनों के लिए विशेष शुल्क पर बुकिंग सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट www.irctc.co.in पर खुली है। अनारक्षित कोच के लिए सामान्य शुल्क पर बुकिंग यूटीएस सिस्टम के माध्यम से की जा सकती है। यात्री टिकट बुकिंग के लिए रेलवन ऐप भी डाउनलोड कर सकते हैं। इन विशेष ट्रेनों के ठहराव एवं समय की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया www.enquiry .indianrail.gov.in पर जाएं या एनटीईएस ऐप डाउनलोड करें।

# स्वच्छ और नियमित जल आपूर्ति के लिए तत्काल कार्रवाई करें- मंत्री अदिति तटकरे

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

श्रीवर्धन नगर परिषद के नागरिकों को स्वच्छ और नियमित पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाए। महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने रणावली बांध से पानी की आपूर्ति शुरू करने के लिए आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए हैं।



हाल ही में मंत्रालय में श्रीवर्धन नगर परिषद क्षेत्र में चल रहे विभिन्न बुनियादी ढांचा कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गई।
इस बैठक में जिला नगर प्रशासन अधिकारी विराज लबडे, उपमहापौर अनंत गुरव, मुख्य अधिकारी राठोड तथा सभी नगरसेवक उपस्थित थे।
मंत्री अदिति तटकरे ने कहा कि नागरिकों के दैनिक जीवन से जुड़ी जल आपूर्ति की समस्या का तुरंत समाधान करना आवश्यक है। इसके लिए आरती, धोन्ड गली और जीवन बंदर क्षेत्रों के जल भंडारण टैंकों तक रणावली बांध से पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। इससे नागरिकों को स्वच्छ और नियमित पानी मिलेगा तथा पानी का समान वितरण भी संभव होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि नागरिकों को पानी की उपलब्धता की स्पष्ट जानकारी देने के लिए स्थानीय स्तर पर जल वितरण का समय-सारणी घोषित की जाए। इसके अलावा श्रीवर्धन के पर्यटन विकास के लिए भी विभिन्न उपाय लागू करने के निर्देश दिए गए। मंत्री तटकरे ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देना, समुद्र तटों की स्वच्छता बनाए रखना, पर्यटन से जुड़े रोजगार के अवसर बढ़ाना और पर्यटकों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है।


**पश्चिम रेलवे**

सामग्री प्रबंधन विभाग

**विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्रमांक : एस/12/2026 दिनांक : 06.03.2026**

| अ.क्र. | निविदा संख्या | वस्तुओं का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी |
|---|---|---|---|---|
| 80 | 10251043 | आर.सी.एफ. ड्राइंग क्रमांक एलडब्ल्यू-71245, संशोधन 'डी' के अनुरूप पूर्ण अर्थिंग केबल। | 6777 Nos | 06-Apr-26 |
| 81 | 27245038C | बैटरी से संचालित रेल चैम्फरिंग मशीन, 5 वर्ष की वार्षिक रखरखाव सेवा (ए.एम.सी.) सहित। | 172 Nos | 03-Apr-26 |

विस्तृत निविदा सूचना, निविदा जमा राशि (ई.एम.डी.), क्रय संबंधी प्रतिबंध तथा निविदा की विस्तृत शर्तों की जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in तथा wr.indianrailways.gov.in पर जाएँ। **1198**

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly



**पश्चिम रेलवे - वडोदरा मंडल**

**विभिन्न इंजीनियरींग कार्य**

**ई-निविदा सूचना सं. डीआरएम-बीआरसी 198 से 200, 2025-26**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (W A/c.), पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-390 004 द्वारा निम्नानुसार कार्यों हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं. | निविदा सं. एवं कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (₹ में) | जमा कराने की बीड सुरक्षा (₹ में) |
|---|---|---|---|
| 01 | **DRM BRC 198 of 2025-26.** नडियाद-मोडासा :- बायड रेलवे स्टेशन को D क्लास से B क्लास में रुपांतरण के संबंध में प्लेटफार्म, EI बिल्डींग, एप्रोच रोड, फोर्मेशन, ड्रेन का निर्माण एवं अन्य मिश्र कार्य। | 9,50,25,084.05 | 6,25,100.00 |
| 02 | **DRM BRC 199 of 2025-26.** रनोली-बाजवा :- दोनों स्टेशनो के डैड एण्ड को जोडने का कार्य। | 9,66,01,529.34 | 6,33,000.00 |
| | क्रम सं. 1 और 2 के लिए : निविदा जमा कराने एवं निविदा खोलने की तिथि एवं समय: निविदा दिनांक 03/04/2026 को 15:00 बजे तक जमा की जाएगी एवं उसी तिथि के 15:30 बजे खोली जाएगी। | | |
| 03 | **DRM BRC 200 of 2025-26.** वडोदरा मण्डल :- वरि. मण्डल अभियंता - उत्तर वडोदरा के क्षेत्राधिकार अंतर्गत 76 युनिट टाईप-II स्टाफ क्वॉर्टर्स एवं 01 युनिट टाईप-IV क्वॉर्टर का निर्माण करने का कार्य। | 19,84,03,159.08 | 11,42,000.00 |
| | क्रम सं. 3 : निविदा जमा कराने एवं निविदा खोलने की तिथि एवं समय: निविदा दिनांक 06/04/2026 को 15:00 बजे तक जमा की जाएगी एवं उसी तिथि के 15:30 बजे खोली जाएगी। | | |

वेबसाईट का विवरण एवं नोटीस का स्थान जहाँ से विवरण देखे जा सकते हैं एवं कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र खरीद सकते है: वेबसाईट: @ www.ireps.gov.in मंडल रेल प्रबंधक (W A/C) पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-4 ।

BRC-389

हमें फॉलो करें: DRMBRCWR • drm_vadodara • हमें लाइक करें: Western Railway Vadodara Division



**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

W/623/NIT/1 **ई-टेंडरिंग नोटिस** दिनांक: 07.03.2026

मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है-

| क्र. सं. | ई-टेंडरिंग संख्या और कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू | बयाना राशि रू | कार्य समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **RTM-2025-26-119R1** Dr Ambedkar Nagar (DADN) - Provision of new Integrated crew lobby, CTCC Office, counselling room, TRS staff Room with parking & boundary wall at including electric work. **Similar type of work: Construction of any Building Work. वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि: 07.03.2026. निविदा खुलने की तिथि: 30.03.2026.** | 90,31,074.35 | 1,80,600/- | 12 माह |
| 2 | **RTM-2025-26-179R** **1.** Rajendra Nagar – Provision of stabling line at in connection with SIMHASTHA 2028. & **2.** Lekoda - Upgradation of existing "D" class to "B" class in connection with Simhastha 2028 including electrical work. **Similar type of work:** 1.1 Definition Of Similar Work: -For Works involving Track works (Sch-A+B) = Rs.2,94,40,454.19 Similar nature of Work: Any Track work 1.2 Definition Of Similar Work: -For Works involving Building works (Sch-C+F) = Rs.5,42,31,154.62 Similar nature of Work: Construction of buildings work 1.3 Definition Of Similar Work: -Works involving Bridge works (Sch-D+E) = Rs.8,49,64,894.57 Similar nature of Work: Any Rail/Road Bridge work of opening more than 3.0 m. Note: In case of works to be done under running line, the tenderer should have the experience of carrying out work under running traffic 1.4 Works involving Electrical works (Sch-F) – Rs. 60,27,022.63 Similar nature of Work: Wiring/ Rewiring in buildings with associated electrical works like control gear and protection arrangements in residential buildings or service buildings or railway stations /yards or colony/highway lightings. OR Lighting arrangement in buildings, circulating area, yard, street etc. with associated electrical works. OR Wiring/Rewiring, Lighting arrangement in buildings with associated electrical works i.e The tenderer must have successfully completed or substantially completed any one of the following categories of work(s) during last 07 (seven) years, ending last day of month previous to the one in which tender is invited: (i) Three similar works each costing not less than the amount equal to 30% of advertised value of the tender, or (ii) Two similar works each costing not less than the amount equal to 40% of advertised value of the tender, or (iii) One similar work costing not less than the amount equal to 60% of advertised value of the tender.). **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि: 07.03.2026. निविदा खुलने की तिथि: 30.03.2026.** | 17,46,63,526.01 | 10,23,300/- | 18 माह |
| 3 | **RTM-2025-26-184** Ratlam Division-HUT for the Pointsman / traffic assistant including electrical work. **Similar type of work:** Any Civil Engineering Work. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि: 07.03.2026. निविदा खुलने की तिथि: 06.04.2026.** | 72,51,628.71 | 1,45,000/- | 15 माह |
| 4 | **RTM-2025-26-195** OM-KNW Section -Supply of potable drinking water through tanker at Various stations & LC gates for 02 years. **Similar type of work:** Any Civil Engineering Work. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि: 07.03.2026. निविदा खुलने की तिथि: 08.04.2026.** | 61,73,637.30 | 1,23,500/- | 24 माह |
| 5 | **RTM-2025-26-196** Nimach Depot - Supply of 50 mm size machine crushed stone ballast and loading in to hoppers at. (Total Quantity = 107000.00 Cum). **Similar type of work:** Any Civil Engineering/Track Work. OR Supply of Ballast / Boulders. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि: 07.03.2026. निविदा खुलने की तिथि: 08.04.2026.** | 8,45,26,954.25 | 5,72,600/- | 24 माह |
| 6 | **RTM-2025-26-197** Ratlam Division - Providing Type II quarter at Rajendra Nagar -12 No. and Rau- 08 No (Total 20 Nos.) including electrical work. **Similar type of work:** Construction of any Building Work. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि: 07.03.2026. निविदा खुलने की तिथि: 10.04.2026.** | 4,62,95,111.54 | 3,81,500/- | 18 माह |

**अनुमानित मात्रा: As per tender schedule. निविदा प्रपत्र का मूल्य रु.: शून्य।** विस्तृत निविदा सूचना अर्हता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **DE/5/1/501**

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly



# मेलघाट के दूरदराज गांवों में सोलर माइक्रो ग्रिड से बिजली आपूर्ति– मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

मुंबई। सरकार ने अमरावती जिले के मेलघाट क्षेत्र के दूरस्थ गांवों में बिजली पहुंचाने के लिए सोलर माइक्रो ग्रिड का विकल्प अपनाया है। इस पद्धति में प्रत्येक घर को अलग-अलग सोलर सिस्टम देने के बजाय गांव में बड़े क्षमता का सोलर प्रोजेक्ट स्थापित किया जाएगा और उससे एक माइक्रो ग्रिड तैयार की जाएगी। बैटरी स्टोरेज की मदद से उत्पन्न बिजली गांव के हर घर तक पहुंचाई जाएगी। यह जानकारी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में दी।

अमरावती जिले के धारणी और चिखलदरा तालुकों के मेलघाट क्षेत्र के गांवों में बिजली और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रश्न विधानसभा में सदस्य सुलभा खोदके ने उठाया था। इस चर्चा में सदस्य जयंत पाटिल और दिलीप वलसे-पाटिल ने भी भाग लिया।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने बताया कि मेलघाट के कई गांव घने अभयारण्य



क्षेत्र में स्थित होने के कारण पारंपरिक बिजली ग्रिड के माध्यम से बिजली पहुंचाना संभव नहीं हो पाया। कई प्रयासों के बावजूद वन विभाग की अनुमति न मिलने से यहां बिजली कनेक्शन नहीं दिया जा सका।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में इस समस्या के समाधान के लिए प्रत्येक घर को स्वतंत्र सौर ऊर्जा प्रणाली देने का निर्णय लिया गया था। इसके तहत 2018 में 'सौभाग्य' योजना के अंतर्गत कई घरों को ऑफ-ग्रिड सोलर सिस्टम देकर गांवों का विद्युतीकरण किया गया। लेकिन क्षेत्र की दुर्गमता के कारण वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी) का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो सका, जिससे कई सोलर सिस्टम बंद या खराब हो गए और कुछ गांवों में फिर से अंधेरा छा गया।

इस स्थिति को देखते हुए अब सोलर माइक्रो ग्रिड के माध्यम से बिजली आपूर्ति की योजना बनाई गई है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत दो गांवों में सोलर माइक्रो ग्रिड का काम पूरा हो चुका है। पांच गांवों में गैर-सरकारी संस्थाओं की पहल से काम चल रहा है, जबकि चार गांवों के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी हो गई है। शेष गांवों के लिए लगभग 20 करोड़ रुपये का निधि स्वीकृत किया गया है।

इसके साथ ही क्षेत्र में सड़क सुविधाओं को लेकर भी कार्रवाई की गई है। छह गांवों में सड़क उपलब्ध है, जबकि चार गांवों में सड़क की मरम्मत और पक्कीकरण की आवश्यकता है, जिसे प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

## देवळाली रिंग रोड के लिए भूमि अधिग्रहण

# किसानों को उचित मुआवजा देने पर सरकार सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी– मंत्री शिवेंद्रसिंहराजे भोसले

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

नासिक में आगामी कुंभ मेले की पृष्ठभूमि और शहर में यातायात जाम कम कर आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रस्तावित देवळाली विधानसभा क्षेत्र से गुजरने वाला रिंग रोड अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है और जिन किसानों की जमीन प्रभावित होगी, उन्हें उचित मुआवजा देने पर सरकार सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी। यह जानकारी लोक निर्माण (सार्वजनिक उपक्रमों को छोड़कर) मंत्री शिवेंद्रसिंहराजे भोसले ने विधानसभा में दी।

विधानसभा में नासिक जिले के देवळाली क्षेत्र में प्रस्तावित रिंग रोड परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण और इससे प्रभावित होने वाली किसानों की जमीन को लेकर उठ रहे विरोध का मुद्दा उठाया गया। इस पर सदस्य सरोज आहिरे ने पुणे रिंग रोड की तरह किसानों को विशेष मुआवजा, पुनर्वास योजना और मार्ग में बदलाव (अलाइनमेंट) का सुझाव दिया। इस चर्चा में सदस्य सीमा हिरे ने भी भाग लिया।

मंत्री शिवेंद्रसिंहराजे भोसले ने बताया कि प्रस्तावित रिंग रोड की कुल लंबाई लगभग 65.60 किलोमीटर है, जिसमें से 16 किलोमीटर मार्ग नासिक महानगरपालिका के डीपी रोड से लिया जाएगा। इस रिंग रोड के डिजाइन और निर्माण के लिए लगभग 3,659 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया रेडी रेकनर दर, भूमि की श्रेणी, खेती और बागवानी की प्रकृति आदि के आधार पर तय की जा रही है, इसलिए गांव के अनुसार दरों में अंतर हो सकता है। हालांकि सरकार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि इस परियोजना से किसी के साथ अन्याय न हो और जिनकी जमीन या घर प्रभावित हो रहे हैं, उन्हें उचित मुआवजा मिले।

मंत्री भोसले ने यह भी बताया कि सरकार पुणे रिंग रोड की तरह विशेष पैकेज देने के लिए सकारात्मक है और आवश्यकता होने पर इस मुद्दे को राजस्व विभाग तथा मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा।

अलाइनमेंट में बदलाव के संबंध में उन्होंने कहा कि कुछ क्षेत्रों में रक्षा विभाग की जमीन होने के कारण उस मार्ग से रिंग रोड ले जाना संभव नहीं है। हालांकि लोगों की सुविधा के लिए पहले भी दो स्थानों पर मार्ग में बदलाव किया गया है और जहां संभव होगा, वहां सुधार करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही डीपी रोड के संबंध में शहरी विकास विभाग और नासिक महानगरपालिका के साथ आवश्यक समन्वय किया जाएगा।

# अचलपुर में अमृत योजना के तहत क्रॉस लाइन कनेक्शन का काम शुरू– राज्य मंत्री माधुरी मिसाल

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

मुंबईः अमरावती जिले के अचलपुर नगर परिषद क्षेत्र में अमृत योजना के अंतर्गत लागू जल आपूर्ति परियोजना का महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण द्वारा निरीक्षण किया गया है और परियोजना में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई है। हालांकि कुछ क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति सुचारू रखने के लिए आवश्यक क्रॉस लाइन कनेक्शन का काम नगर परिषद द्वारा किया जा रहा है। यह जानकारी राज्य मंत्री माधुरी मिसाल ने विधानसभा में दी।

विधानसभा में सदस्य प्रवीन तायडे ने यह मुद्दा उठाया था कि अमरावती जिले के अचलपुर नगर परिषद क्षेत्र में 2018-2019 में अमृत योजना के तहत लगभग 22 करोड़ रुपये खर्च किए जाने के बावजूद नागरिकों को नियमित नल जल आपूर्ति नहीं मिल रही है।

राज्य मंत्री माधुरी मिसाल ने बताया कि अचलपुर नगर परिषद क्षेत्र में 2018-2019 में अमृत योजना के तहत जल आपूर्ति परियोजना लागू की गई थी और यह परियोजना 2019 में पूरी हो गई थी। उस समय किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि कुछ स्थानों पर क्रॉस लाइन कनेक्शन नहीं थे, इसलिए नगर परिषद अपने खर्च से यह कार्य कर रही है।

अब तक लगभग 50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और 47 स्थानों पर क्रॉस लाइन कनेक्शन दिए जा चुके हैं, जिससे कई क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति बहाल हो गई है। शेष कार्य भी नगर परिषद के माध्यम से किया जा रहा है और पूरी योजना का हाइड्रोलिक परीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं।

मंत्री मिसाल ने कहा कि इन कार्यों के पूरा होने के बाद बाकी क्षेत्रों में भी जल आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

# मुंबई महानगर क्षेत्र की महिला कर्मचारियों के लिए 'कम अर्ली-गो अर्ली' छूट– विधान परिषद में उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा अजित पवार की घोषणा


मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

मुंबई महानगर क्षेत्र में कार्यरत महिला सरकारी कर्मचारियों के लिए 'कम अर्ली-गो अर्ली' सुविधा लागू की जाएगी। इसकी घोषणा उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा अजित पवार ने विधान परिषद में की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य में महिलाओं को सम्मान, अवसर और सुरक्षा देने वाला समाज बनाने के संकल्प को मजबूत करना आवश्यक है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विधान परिषद में आयोजित विशेष चर्चा के दौरान उपमुख्यमंत्री पवार ने कहा कि इस निर्णय के तहत मुंबई महानगर क्षेत्र में महिला कर्मचारी यदि सुबह 9:15 से 9:45 बजे के बीच कार्यालय में जल्दी पहुंचती हैं, तो उन्हें उसी के अनुसार शाम को लगभग 30 मिनट पहले कार्यालय से जाने की छूट दी जाएगी। इससे भीड़भाड़ के समय महिलाओं को होने वाली असुविधा कम होगी और उन्हें बड़ी राहत मिलेगी।

उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने चर्चा में भाग लेने वाले सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण से संबंधित कई महत्वपूर्ण सुझाव सामने आए हैं। सरकार इन सुझावों पर सकारात्मक विचार कर आवश्यक कदम उठाएगी।



महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में उन्होंने बताया कि 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान के तहत जुलाई 2015 से फरवरी 2026 तक राज्य में 42,594 लापता बच्चों का पता लगाया गया है। वहीं 'ऑपरेशन सर्च' अभियान के माध्यम से 5,066 महिलाओं और 2,771 बच्चों को खोजा गया है। राज्य के सभी जिलों में मिसिंग सेल कार्यरत हैं और महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए 51 'भरोसा सेल' सक्रिय किए गए हैं।

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सरकार विभिन्न योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू कर रही है। इनमें लाड़की बहिन, नमो महिला सक्षखीकरण, लेक लाडकी, अन्नपूर्णा और लाखपति दीदी जैसी योजनाएं शामिल हैं। स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए उमेद मॉल, उमेद मार्ट और महालक्ष्मी सरस जैसी पहल की जा रही है तथा इन उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी बिक्री के लिए उपलब्ध कराया गया है।

उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय तथा बुनियादी सुविधाओं को लेकर सरकार सकारात्मक है। राज्य में 17,254 आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग बढ़ाया जा रहा है और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, चर्चगेट और बोरीवली स्टेशन पर साइबर अपराध रोकने के लिए विशेष प्रणाली स्थापित की गई है।

महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार ने महिला सरकारी कर्मचारियों को 180 दिनों की मातृत्व अवकाश की सुविधा दी है। इसके बाद आवश्यकता होने पर बिना चिकित्सीय प्रमाण पत्र के अधिकतम एक वर्ष तक आधे वेतन पर अवकाश लेने की भी अनुमति दी गई है। राज्य में चौथी महिला नीति लागू की गई है और उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है।

ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के जीवन को अधिक सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने के लिए 'आदिशक्ति अभियान' चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य बाल विवाह रोकना, अत्याचार मुक्त गांव बनाना और लड़कियों के स्कूल छोड़ने की दर कम करना है।

उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा अजित पवार ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के समग्र विकास के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने, महिला किसानों और श्रमिकों के लिए विशेष उपाय तथा महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी कानूनों के सख्त क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दे रही है।

उन्होंने अंत में कहा कि जिजाऊ माँ साहेब, क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले, पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर और महारानी ताराबाई के कार्यों से प्रेरणा लेकर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम करने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और मानसिक सशक्तिकरण भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

# पाम बीच रोड, सेक्टर 19 सानपाड़ा में नियोजित अंडरपास ट्रैफिक प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण

नवी मुंबई शहर में बढ़ती जनसंख्या और वाहनों की संख्या को देखते हुए नवी मुंबई महानगरपालिका ने पाम बीच रोड पर सेक्टर 19, सानपाड़ा में वैकल्पिक मार्ग के रूप में अंडरपास बनाने की योजना बनाई है। इसका उद्देश्य सानपाड़ा और जुहिनगर क्षेत्र के नागरिकों को शहर से बाहर निकलते समय होने वाली ट्रैफिक समस्या से राहत देना है। यह परियोजना वर्तमान में प्रगति पर है और विकास कार्यों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता दी जा रही है।

स्थानीय नागरिकों की लंबे समय से मांग रही है कि सानपाड़ा सेक्टर 19 में केसर सोलिटेयर इमारत के पास पाम बीच रोड पर अंडरपास बनाया जाए। वर्तमान में पाम बीच रोड से पूरे सानपाड़ा क्षेत्र में प्रवेश का एकमात्र मार्ग मोराज सर्कल के पास है। शहर की बढ़ती आबादी, वाहनों की संख्या, पास में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का विकास, जेएनपीटी का विस्तार और प्रस्तावित तीसरी मुंबई परियोजना जैसे कारणों से पाम बीच रोड पर यातायात का दबाव काफी बढ़ने की संभावना है। ऐसे में ट्रैफिक जाम की समस्या गंभीर हो सकती है।

इन सभी पहलुओं का अध्ययन करने के बाद तकनीकी सलाहकारों ने बेलापुर, उरण, वाशी रोड और मुंबई की ओर



जाने वाले वाहनों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए इस अंडरपास का सुझाव दिया है।

परियोजना क्षेत्र में कुल 808 पेड़ दर्ज किए गए हैं। इनमें से 368 पेड़ों को बिना किसी नुकसान के वहीं सुरक्षित रखा जाएगा। परियोजना के लिए प्रभावित होने वाले 440 पेड़ों में से 329 पेड़ों का वैज्ञानिक तरीके से उसी क्षेत्र में पुनरोपण (ट्रांसप्लांट) किया जाएगा। इनमें आम, इमली, आंवला, जामुन, रामफल, पुत्रंजीवा और गुलमोहर जैसे महत्वपूर्ण वृक्ष शामिल हैं।

इस परियोजना में कुल प्रभावित पेड़ों में से केवल 111 पेड़ों को हटाया जाएगा। इनमें से 92 पेड़ 'सुबाभूल' प्रजाति के हैं, जिन्हें जैव विविधता के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण नहीं माना जाता है।

इन पेड़ों के संबंध में कार्रवाई के लिए ट्री अथॉरिटी के माध्यम से सार्वजनिक सूचना जारी कर नागरिकों से आपत्तियां मांगी गई थीं। इस प्रक्रिया में 47 आपत्तियां प्राप्त हुईं। इन आपत्तियों पर ट्री अधिकारी (तुर्भे) की उपस्थिति में सुनवाई की गई, जिसमें 11 नागरिक उपस्थित रहे। उनकी सभी बातों को विस्तार से सुना गया। साथ ही, जो नागरिक सुनवाई में उपस्थित नहीं हुए थे, उनसे संपर्क करने पर कई लोगों ने स्पष्ट किया कि उन्होंने इस संबंध में कोई आपत्ति दर्ज नहीं की है। इससे कुछ आपत्तियों को लेकर भ्रम की स्थिति भी सामने आई है।

सानपाड़ा अंडरपास परियोजना नागरिकों का समय और ईंधन बचाने के लिए महत्वपूर्ण है। इस परियोजना में महानगरपालिका नागरिकों की सुविधा और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाने का प्रयास कर रही है। प्रभावित पेड़ों में से अधिकतम पेड़ों का पुनरोपण किया जा रहा है।

नवी मुंबई महानगरपालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें और शहर के विकास से जुड़ी इस परियोजना में सहयोग करें।

# संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के अतिक्रमणकारियों के पुनर्वास पर जल्द निर्णय– वन मंत्री गणेश नाइक

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में रहने वाले अतिक्रमणकारियों के पुनर्वास के लिए राज्य सरकार प्रयास कर रही है और इस संबंध में जल्द ही व्यापक निर्णय लिया जाएगा। यह जानकारी वन मंत्री गणेश नाइक ने विधान परिषद में दी।

विधान परिषद में सदस्य प्रवीण दरेकर द्वारा दिए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का उत्तर देते हुए मंत्री नाइक ने बताया कि राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में अतिक्रमण से जुड़े मुद्दों को चरणबद्ध तरीके से हल करने की योजना बनाई गई है। पहले चरण में 11,359 अतिक्रमणकारियों के दावों की जांच की गई, जिनमें से 299 लोगों को पात्र पाया गया, हालांकि उनका पुनर्वास अभी लंबित है। दूसरे चरण में 13,486 अतिक्रमणकारियों के मुद्दों पर विचार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि आरे कॉलोनी क्षेत्र में लगभग 20 एकड़ जमीन पर 'ग्राउंड प्लस वन' घर बनाकर करीब 2,200 आदिवासी परिवारों के पुनर्वास का प्रस्ताव है। पुनर्वास का रास्ता साफ करने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय में भी एक बैठक आयोजित की गई है।

मंत्री नाइक ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय उद्यान के बाहर की बस्तियों में पानी की आपूर्ति, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की मरम्मत में कोई बाधा न आए, इसके लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। इस चर्चा में सदस्य अनिल परब, चित्रा वाघ, राजेश राठौड़ और मनीषा कायंदे ने भी भाग लिया।

## अमरावती में नशा विरोधी गतिविधियों पर सरकार की कड़ी नजर– गृह राज्य मंत्री योगेश कदम

मुंबई, 10 मार्चः अमरावती शहर में नशा विरोधी गतिविधियों पर राज्य सरकार लगातार नजर बनाए हुए है। स्थिति की समीक्षा के लिए आगामी दो महीनों के भीतर एक बैठक आयोजित की जाएगी, यह जानकारी गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने विधान परिषद में दी। विधान परिषद में सदस्य संजय खोदके द्वारा उठाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब देते हुए मंत्री योगेश कदम बोल रहे थे। इस चर्चा में सदस्य अभिजीत वंजारी ने भी भाग लिया। मंत्री कदम ने बताया कि 2021 से 2026 के बीच अमरावती शहर में नशीले पदार्थों से जुड़े 29 अपराध दर्ज किए गए हैं और 101 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में नागपुर गेट पुलिस स्टेशन ने लगभग 2 किलोग्राम एमडी ड्रग्स जब्त किए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में स्थापित एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स सक्रिय रूप से कार्य कर रही है और इस टीम को आवश्यक मानव संसाधन तथा विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। साथ ही मुख्यमंत्री ने इस टीम के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहन लाभ देने का भी निर्णय लिया है। गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने बताया कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर विभिन्न स्थानों पर नशा विरोधी अभियान चलाए जा रहे हैं और यह अभियान आगे भी लगातार और सख्ती के साथ जारी रहेगा।

# नागपुर मंडल में शिक्षकों के लंबित वेतन पर एसआईटी रिपोर्ट के बाद होगा निर्णय– राज्य मंत्री डॉ. पंकज भोयर

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

नागपुर मंडल के कुछ स्कूलों में शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लंबित वेतन के संबंध में विशेष जांच दल (एसआईटी) की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे का निर्णय लिया जाएगा। यह जानकारी राज्य मंत्री डॉ. पंकज भोयर ने विधान परिषद में प्रश्नकाल के दौरान दी।

इस संबंध में सदस्य सुधाकर अडबाले ने प्रश्न उठाया था, जबकि सदस्य अभिजीत वंजारी ने पूरक प्रश्न किया।

राज्य मंत्री डॉ. पंकज भोयर ने बताया कि नागपुर मंडल के कुछ स्कूलों में सरकारी अनुमति लिए बिना और निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा किए बिना शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। इस मामले में शलार्थ आईडी के माध्यम से अनियमितताएं सामने आई हैं, जिसके कारण संबंधित बिलों को फिलहाल रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) नियुक्त किया गया है। एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट मिलने के बाद पात्र शिक्षकों के वेतन के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। मंत्री भोयर ने यह भी बताया कि इस मामले में कुछ शिक्षकों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी और अदालत ने वेतन भुगतान का आदेश दिया था। राज्य सरकार ने इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल उच्च न्यायालय के आदेश पर स्थगन दे दिया है और चार सप्ताह के भीतर सुनवाई कर निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं।

# ऐरोली विभाग में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई, अवैध निर्माण हटाया गया

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

नवी मुंबई महानगरपालिका के अतिक्रमण विभाग द्वारा जारी नोटिस के बावजूद संबंधित व्यक्ति द्वारा कोई संज्ञान नहीं लेने पर विभाग ने अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की। माननीय आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त आयुक्त (2) डॉ. राहुल घेथे और उपायुक्त (अतिक्रमण) डॉ. कैलास गायकवाड़ के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग द्वारा ऐरोली विभाग में निष्कासन कार्रवाई की गई।

नवी मुंबई महानगरपालिका के जी विभाग, ऐरोली कार्यालय के अधिकार क्षेत्र में घर क्रमांक 1725, देशमुखवाड़ी, सेक्टर-1, ऐरोली में श्री केशव गजानन



पाटिल द्वारा बिना अनुमति के निर्माण कार्य शुरू किया गया था।

इस संबंध में महाराष्ट्र प्रादेशिक नियोजन एवं नगर रचना अधिनियम 1966 की धारा 54 के अंतर्गत 29 नवंबर 2023 को जी विभाग कार्यालय द्वारा नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के अनुसार संबंधित व्यक्ति को अवैध निर्माण स्वयं हटाने का निर्देश दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रखा गया।

इसके बाद ऐरोली विभाग की सहायक आयुक्त एवं विभागीय अधिकारी साधना पाटिल के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाकर उक्त अवैध निर्माण को आंशिक रूप से हटाया गया। इस कार्रवाई के दौरान जी-विभाग अतिक्रमण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, 14 मजदूर, 6 ब्रेकर मशीनें, 1 गैस कटर तथा पुलिस बल को तैनात किया गया था।



नवी मुंबई महानगरपालिका ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस प्रकार की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई और अधिक सख्ती से जारी रखी जाएगी।

## सम्पादकीय

# नीतीश कुमार की नई सधी हुई बिहारी चाल के सियासी निहितार्थ

बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड सुप्रीमो नीतीश कुमार राजनीति के मंजे हुए खिलाड़ी हैं। सियासत के चाणक्य श्री कुमार ने भाजपा के दबाव में नहीं, बल्कि अपनी केंद्रीय राजनीतिक संभावनाओं को उभारने के लिए दिल्ली कूच करने का अप्रत्याशित फैसला लिया है। भले ही उन्होंने राज्यसभा जाने का निर्णय बिहार की राजनीति में अपेक्षित एक बड़े बदलाव के हिस्से के रूप में लिया है, लेकिन यह भी उनकी लंबे समय से चली आ रही एक अधूरी इच्छा को प्रकट/पूरा करता है। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, भाजपा के ओबीसीकरण के दृष्टिगत राष्ट्रीय स्तर पर सवर्णों की भाजपा नीत एनडीए से बेरुखी से उपजी सियासी परिस्थितियों का लाभ उठाने के लिए ही उन्होंने यह नया कदम उठाया है, जिसे एक तीर से कई निशाने के तौर पर देखा जाने लगा है। देश की समाजवादी राजनीति में भी अब उनका कोई निकट प्रतिद्वंद्वी नहीं बचा है। इसलिए गुरुवार, 5 मार्च 2026 को राज्यसभा की सदस्यता हेतु नामांकन दाखिल करने के साथ ही उनका अब नया भविष्य भी जुड़ा है।

समझा जाता है कि नीतीश कुमार की राज्यसभा सदस्यता की पुरानी 'अधूरी हसरत' अब पूरी हो रही है, क्योंकि वे विधानसभा, विधान परिषद और लोकसभा तो रह चुके हैं, लेकिन राज्यसभा नहीं। वहीं, राज्यसभा सदस्य बनने के बाद राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, एक्सीडेंटल प्रधानमंत्री, उपप्रधामंत्री, उपसभापति, कद्दावर केंद्रीय मंत्री बनने की उनकी नई सम्भावनाएं बनेंगी। वहीं राष्ट्रीय राजनीति में अपनी भूमिका बढ़ाने के लिए भी उनका यह कदम देखा जा रहा है, जहां वे बिहार, सामाजिक न्याय और विकास मुद्दों पर प्रभाव डाल सकें।

राजनीतिक विश्लेषक भी मानते हैं कि भाजपा की सलाह पर यह निर्णय लिया गया लगता है, क्योंकि 2025 विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत के बाद बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी (89 सीटें) बन गई है। इससे बिहार में भाजपा का मुख्यमंत्री बनना आसान हो सकता है, जबकि नीतीश के बेटे निशांत को डिप्टी सीएम बनाए जाने की चर्चा है। हालांकि, जदयू में उनके इस फैसले पर असंतोष है, लेकिन इसे उनका व्यक्तिगत निर्णय बताया जा रहा है। वहीं विपक्ष इसे बीजेपी का 'मास्क' हटाने का प्रयास मान रहा है। इससे राजद को पुनः सियासी ऑक्सीजन मिल सकता है। यूँ तो नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद बिहार के नए मुख्यमंत्री की घोषणा अभी स्पष्ट रूप से नहीं हुई है, क्योंकि यह प्रक्रिया राज्यसभा चुनाव के परिणाम (16 मार्च 2026) के बाद शुरू होगी। एनडीए में बीजेपी का सबसे बड़ा दावा माना जा रहा है, क्योंकि उनके पास 89 विधायक हैं।

हालांकि, संभावित उम्मीदवार के तौर पर सम्राट चौधरीः वर्तमान डिप्टी सीएम और भाजपा विधायक दल नेता, जिनकी दावेदारी सबसे मजबूत है। उनके पास गृह मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण विभाग हैं और राजनीतिक अनुभव समृद्ध है। वहीं, विजय कुमार सिन्हाः उपमुख्यमंत्री व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, आक्रामक शैली के लिए जाने जाते हैं, लेकिन सम्राट से थोड़ा पीछे हैं। वहीं नित्यानंद रायः केंद्रीय मंत्री, ँ ये से प्रमुख नाम हैं, लेकिन नया चेहरा भी संभव है। अन्य चर्चाएंओं में नीतीश के बेटे निशांत कुमार को डिप्टी सीएम बनाए जाने की संभावना है, क्योंकि उनका कोई स्वतंत्र चुनावी आधार नहीं है।


जदयू नेता विजय चौधरी ने पुष्टि की कि भाजपा से ही मुख्यमंत्री बनेगा। यह बदलाव एनडीए की आंतरिक रणनीति का हिस्सा लगता है। इससे भी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रभावित होगा। वहीं, निशांत कुमार को डिप्टी सीएम बनाने का विचार मुख्य रूप से नीतीश कुमार की राजनीतिक विरासत को सुरक्षित रखने के लिए उठाया जा रहा है। वे लो-प्रोफाइल जीवन जीते रहे हैं, लेकिन पिता के राज्यसभा जाने के बाद जदयू में उनकी एंट्री तय मानी जा रही है।

जहां तक राजनीतिक रणनीति की बात है तो नीतीश के राष्ट्रीय स्तर पर जाने से बिहार में भाजपा को मुख्यमंत्री पद मिलेगा, जबकि निशांत को डिप्टी सीएम बनाकर जदयू का प्रभाव कायम रहेगा। हालांकि एनडीए की बैठक में इस पर मुहर लगने की चर्चा है, जो सत्ता समीकरण को संतुलित करेगी। वहीं निशांत अब तक सियासत से दूर रहे, लेकिन उनकी नियुक्ति पिता की लंबी राजनीतिक यात्रा को आगे बढ़ाने का प्रयास है। यह कदम जदयू कार्यकर्ताओं को एक नया चेहरा देकर पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से है। इसके अलावा मोदी के हनुमान लोजपा कोटे से केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की सियासत को चमकाने के लिए भी यह नया फेरबदल संभावित प्रतीत होता है।



# वैश्विक राजनीति के कुशल नेतृत्वकर्ता नरेंद्र मोदी

## संकटों के दौर में उभरती भारत की शक्ति और विपक्ष की सीमित दृष्टि



प्रोफ़ेसर डॉ दयानंद तिवारी
प्रवक्ता भाजपा,
मुंबई, महाराष्ट्र

आज का विश्व एक अस्थिर दौर से गुजर रहा है। कहीं युद्ध की विभीषिका है, कहीं आर्थिक मंदी का भय, तो कहीं ऊर्जा संकट और जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौतियाँ वैश्विक व्यवस्था को प्रभावित कर रही हैं। कोविड-19 महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध ने विश्व की अर्थव्यवस्था, व्यापार और राजनीतिक संतुलन को गहराई से झकझोर दिया है। यूरोप और अमेरिका जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाएँ भी महँगाई, ऊर्जा संकट और बेरोज़गारी आदि की समस्याओं से जूझ रही हैं।

ऐसे समय में भारत की स्थिति अपेक्षाकृत स्थिर और मजबूत दिखाई देती है। यह स्थिति संयोग नहीं है, बल्कि दूरदर्शी नीतियों, रणनीतिक निर्णयों और सशक्त नेतृत्व का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक संतुलन की जिस नीति को अपनाया है, उसने देश को वैश्विक संकटों के बीच भी एक भरोसेमंद और उभरती शक्ति के रूप में स्थापित किया है।

जैसा कि कहा गया है
'दूरदर्शी नेतृत्व संकटों को अवसर में बदल देता है।'

**आर्थिक शक्ति का उभार और विकास का नया अध्याय**

विश्व आर्थिक अस्थिरता के बावजूद भारत आज विश्व की सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संस्थाएँ भी भारत की विकास दर को लेकर सकारात्मक अनुमान व्यक्त कर रही हैं।

मोदी सरकार के नेतृत्व में बुनियादी ढाँचे के विकास पर अभूतपूर्व निवेश हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार, आधुनिक एक्सप्रेसवे, तेज़ गति की रेल व्यवस्था और नए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का निर्माण भारत के आर्थिक ढाँचे को नई गति दे रहा है। इससे उद्योग, व्यापार और पर्यटन के नए द्वार खुले हैं।

'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों ने देश के औद्योगिक विकास को नई दिशा दी है। मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और रक्षा उत्पादन जैसे क्षेत्रों में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। आज भारत केवल उपभोक्ता बाजार नहीं, बल्कि वैश्विक उत्पादन केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर है।

'सशक्त अर्थव्यवस्था ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला होती है।'

**ऊर्जा सुरक्षा और व्यावहारिक कूटनीति**

रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारी उथल-पुथल हुई। कई देशों की अर्थव्यवस्थाएँ इस संकट से बुरी तरह प्रभावित हुईं। ऐसे समय में भारत ने व्यावहारिक और संतुलित नीति अपनाकर ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखा।

भारत ने एक ओर आवश्यक तेल और गैस की उपलब्धता सुनिश्चित की, वहीं दूसरी ओर सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में तेजी से निवेश बढ़ाया। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसी पहल ने भारत को ऊर्जा कूटनीति के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व प्रदान किया है।

यह नीति बताती है कि भारत केवल वर्तमान संकट से निपटने की रणनीति नहीं बना रहा, बल्कि भविष्य की ऊर्जा संरचना भी तैयार कर रहा है।

**सैन्य शक्ति और राष्ट्रीय सुरक्षा की मजबूती**

आज के वैश्विक परिदृश्य में राष्ट्रीय सुरक्षा किसी भी राष्ट्र की प्राथमिक आवश्यकता बन चुकी है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अपनी सैन्य शक्ति को आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

स्वदेशी रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने से भारत की सामरिक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आधुनिक हथियार प्रणालियाँ, रक्षा अनुसंधान और तकनीकी नवाचार भारत की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बना रहे हैं।

सीमा सुरक्षा के साथ-साथ सेना, नौसेना और वायुसेना का आधुनिकीकरण भारत की वैश्विक सामरिक प्रतिष्ठा को भी मजबूत कर रहा है।

**डिजिटल क्रांति और तकनीकी भारत**

डिजिटल तकनीक आज किसी भी राष्ट्र की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार बन चुकी है। भारत में डिजिटल क्रांति ने प्रशासन, व्यापार और समाज को नई दिशा दी है।

डिजिटल भुगतान प्रणाली, आधार आधारित सेवाएँ और ऑनलाइन शासन व्यवस्था ने प्रशासन को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया है। भारत आज विश्व के सबसे बड़े डिजिटल भुगतान नेटवर्क में से एक का संचालन कर रहा है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी और फिनटेक जैसे क्षेत्रों में भारतीय युवाओं की सक्रिय भागीदारी भविष्य के तकनीकी भारत की नींव रख रही है।

**शिक्षा सुधार और नई पीढ़ी का निर्माण**

नई शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा को अधिक व्यावहारिक, कौशल आधारित और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुकूल बनाने का प्रयास किया गया है।

शोध, नवाचार और तकनीकी शिक्षा को प्रोत्साहन देकर युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा रहा है। डिजिटल शिक्षा के विस्तार से शिक्षा की पहुँच और व्यापक हुई है।

**रोजगार, स्टार्टअप और युवा शक्ति**

भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा जनसंख्या है। स्टार्टअप संस्कृति के विस्तार, कौशल विकास कार्यक्रमों और उद्यमिता को प्रोत्साहन देने से लाखों युवाओं के लिए नए अवसर पैदा हुए हैं।

डिजिटल अर्थव्यवस्था, सेवा क्षेत्र और तकनीकी उद्योग के विस्तार ने भारत को रोजगार सृजन के नए केंद्र के रूप में स्थापित किया है।

**विपक्ष की नकारात्मक राजनीति**

दुर्भाग्य से देश की राजनीति में कुछ विपक्षी दल ऐसे भी हैं जो राष्ट्रीय उपलब्धियों को स्वीकार करने के बजाय केवल आलोचना की राजनीति करते हैं। जब देश वैश्विक मंचों पर अपनी प्रतिष्ठा बढ़ा रहा है, तब भी कुछ राजनीतिक दल संकीर्ण राजनीतिक हितों के कारण विकास की उपलब्धियों को नकारने का प्रयास करते हैं।

विपक्ष का दायित्व केवल विरोध करना नहीं, बल्कि रचनात्मक सुझाव देना भी होता है। परंतु कई बार ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी राजनीति का आधार राष्ट्रहित नहीं, बल्कि तात्कालिक राजनीतिक लाभ है।

जब विश्व भारत की प्रगति को स्वीकार कर रहा है, तब अपने ही देश में उसके महत्व को कम करके आँकना लोकतांत्रिक विमर्श की परिपक्वता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

अंततः आज जब विश्व अनेक संकटों से घिरा हुआ है, तब भारत की स्थिरता और प्रगति विश्व समुदाय का ध्यान आकर्षित कर रही है। आर्थिक विकास, ऊर्जा सुरक्षा, सैन्य आधुनिकीकरण, संतुलित कूटनीति, तकनीकी प्रगति, शिक्षा सुधार और रोजगार सृजन–इन सभी क्षेत्रों में समन्वित प्रयासों ने भारत को एक सशक्त और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने केवल विकास की गति ही नहीं बढ़ाई, बल्कि वैश्विक राजनीति में भी अपनी प्रभावी भूमिका स्थापित की है।

सच ही कहा गया है कि...
'जब नेतृत्व राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखता है, तब इतिहास नए अध्याय लिखता है।'

अंत में यही कहूंगा कि..
संकट के बीच खड़ा, अडिग भारत महान, नीति, श्रम और संकल्प से बढ़ता उसका मान।
दूरदर्शी नेतृत्व से जग में फैला विश्वास,
नवयुग का भारत रचता इतिहास।

# एआइ की दौड़ में कौन जीतेगा शक्ति की बाजी, बदलती वैश्विक ताकत का नया समीकरण

चौथी औद्योगिक क्रांति के इस दौर में कृत्रिम मेधा (एआइ) केवल एक तकनीकी उपकरण नहीं रह गई है, बल्कि यह उत्पादन, शासन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की केंद्रीय शक्ति बनती जा रही है। स्वचालन, मशीन लर्निंग और डेटा विश्लेषण पर आधारित प्रणालियां विनिर्माण से लेकर सेवा क्षेत्र तक उत्पादकता की प्रकृति बदल रही हैं। सैन्य क्षेत्र में स्वायत्त प्रणालियां, खुफिया विश्लेषण और निगरानी तकनीक रणनीतिक क्षमता को प्रभावित कर रही हैं। साइबर सुरक्षा में हमलों की पहचान और रोकथाम के लिए एआइ आधारित तंत्र अनिवार्य होते जा रहे हैं।

इन सभी आयामों का मूल तत्त्व है डेटा और उसे संसाधित करने की क्षमता। कृत्रिम मेधा को अब केवल साफ्टवेयर के रूप में नहीं देखा जा सकता। यह ऊर्जा, तेल या सेमीकंडक्टर की तरह एक रणनीतिक संसाधन का रूप ले चुकी है। जिस इकाई के पास उच्च स्तरीय कंप्यूटिंग अवसंरचना, विशाल डेटा भंडार और उन्नत 'एल्गोरिद्म' क्षमता है, वह आर्थिक और सामरिक निर्णयों पर प्रभाव डाल सकती है। इस बदलते परिदृश्य में शक्ति का पारंपरिक संतुलन केवल सैन्य या भौगोलिक कारकों से निर्धारित नहीं होगा, बल्कि तकनीकी दक्षता और डिजिटल अवसंरचना भी उसकी दिशा तय करेगी।

अब कृत्रिम मेधा का प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। विनिर्माण, साजो-सामान, स्वास्थ्य और वित्त जैसे क्षेत्रों में एआइ आधारित स्वचालन तथा विश्लेषण से उत्पादकता में वृद्धि दर्ज की गई है। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों की रपटें यह बताती हैं कि डेटा विश्लेषण एवं मशीन 'लर्निंग' से निर्णय प्रक्रिया तेज होती है और संसाधनों का उपयोग अधिक




कुशल बनता है। इससे पूंजी निर्माण की प्रकृति भी बदल रही है। पारंपरिक भौतिक संपत्तियों की तुलना में अब डेटा, एल्गोरिद्म और कंप्यूटिंग क्षमता नई पूंजी के रूप में उभर रहे हैं।

इस परिवर्तन का एक महत्त्वपूर्ण आयाम सेमीकंडक्टर उद्योग और 'क्लाउड' अवसंरचना है। उन्नत चिप निर्माण और उच्च क्षमता वाले डेटा सेंटर एआइ विकास की आधारशिला हैं। जिन देशों और कंपनियों के पास अत्याधुनिक चिप डिजाइन, विनिर्माण क्षमता और वैश्विक क्लाउड नेटवर्क हैं, वे तकनीकी मूल्य श्रृंखला के ऊपरी हिस्से पर नियंत्रण बनाए रखते हैं। डिजिटल अर्थव्यवस्था में कुछ बड़े वैश्विक मंचों का केंद्रीकरण यह दर्शाता है कि डेटा और नेटवर्क प्रभाव से बाजार संरचना सिमट सकती है।

जाहिर है, जिनके पास उन्नत एआइ माडल, व्यापक डेटा संसाधन और उच्च स्तरीय कंप्यूटिंग अवसंरचना है, वही वैश्विक मूल्य श्रृंखला के निर्णायक बिंदुओं पर प्रभाव रखते हैं। इससे आर्थिक शक्ति की पारंपरिक परिभाषा का विस्तार हुआ है, जिसमें तकनीकी क्षमता और डिजिटल नियंत्रण केंद्रीय तत्त्व बनते जा रहे हैं। इस आर्थिक संरचना ने तकनीकी कंपनियों की भूमिका को भी असाधारण रूप से विस्तारित किया है।

एआइ के विकास ने बड़ी तकनीकी कंपनियों को वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली भूमिका प्रदान की है। उनके मंच, क्लाउड नेटवर्क और उन्नत एआइ माडल करोड़ों उपयोगकर्ताओं, वित्तीय लेन-देन और सूचना प्रवाह को संचालित करते हैं। इस कारण उनकी नीतियां और तकनीकी निर्णय अनेक देशों की अर्थव्यवस्था, मीडिया संरचना और यहां तक कि सार्वजनिक विमर्श को प्रभावित कर सकते हैं। मगर यह भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है कि ये कंपनियां पूर्णतः स्वायत्त इकाइयां नहीं हैं। वे राष्ट्रीय कानूनों, डेटा संरक्षण नियमों, प्रतिस्पर्धा आयोगों और निर्यात नियंत्रण व्यवस्थाओं से बंधी रहती हैं।

अमेरिका और चीन के बीच चल रही तकनीकी प्रतिस्पर्धा इसका स्पष्ट उदाहरण है। उन्नत एआइ चिप और सेमीकंडक्टर उपकरणों के निर्यात पर लगाए गए नियंत्रण यह दर्शाते हैं कि अंतिम नियामक शक्ति अभी भी राष्ट्र-राज्य के पास है। इसी प्रकार यूरोप में डिजिटल बाजार कानून और डेटा संरक्षण विनियम तकनीकी कंपनियों के संचालन पर प्रभाव डालते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि निगमित शक्ति और राज्य शक्ति के बीच सीधा प्रतिस्थापन नहीं, बल्कि एक जटिल अंतर-संबंध विकसित हो रहा है।

वर्तमान परिदृश्य में यह कहना अधिक उपयुक्त होगा कि निगमित और राज्य के बीच शक्ति संतुलन का नया समीकरण बन रहा है। तकनीकी नवाचार और पूंजी निगमित संरचनाओं में केंद्रित हैं, जबकि वैधानिक अधिकार और सामरिक नीति निर्माण राष्ट्र या राज्य के हाथ में है। भविष्य की कृत्रिम मेधा इसी अंतःक्रिया से आकार ले सकती है, जहां तकनीकी क्षमता और राजनीतिक संप्रभुता एक-दूसरे को प्रभावित करती रहेंगी।

एआइ का सैन्य और रणनीतिक आयाम इस विमर्श को और गंभीर बनाता है। अनेक देश स्वायत्त या अर्ध स्वायत्त हथियार प्रणालियों पर शोध कर रहे हैं, जिनमें लक्ष्य पहचानने, निगरानी और निर्णय में सहायता के लिए मशीन लर्निंग आधारित प्रणालियां प्रयोग में लाई जा रही हैं। रक्षा विश्लेषण और खुफिया जांच में एआइ आधारित डेटा प्रोसेसिंग से विशाल सूचना का त्वरित आकलन संभव हुआ है। इससे युद्ध क्षेत्र की समझ और प्रतिक्रिया समय, दोनों प्रभावित होते हैं।

जटिल साइबर हमलों की पहचान, नेटवर्क असमानताओं का विश्लेषण और स्वचालित रक्षा तंत्र अब एल्गोरिद्मिक प्रणालियों पर आधारित हैं। दूसरी ओर, आक्रामक साइबर क्षमताओं में भी स्वचालित उपकरणों का उपयोग बढ़ रहा है, जिससे डिजिटल अवसंरचना रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का केंद्र बन गई है।

इसके साथ ही निगरानी प्रणालियों और डेटा विश्लेषण के माध्यम से राज्य अपनी आंतरिक सुरक्षा और सामाजिक गतिविधियों पर अधिक व्यापक नियंत्रण स्थापित कर सकते हैं। चेहरा पहचान तकनीक, व्यवहार विश्लेषण और संचार निगरानी जैसी व्यवस्थाएं सार्वजनिक नीति और नागरिक स्वतंत्रता के बीच संतुलन का प्रश्न उठाती हैं। इस प्रकार कृत्रिम मेधा केवल आर्थिक शक्ति का साधन नहीं, बल्कि सैन्य और सामरिक संरचना का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है, जो वैश्विक शक्ति संतुलन की दिशा को प्रभावित कर सकता है।

वैश्विक परिदृश्य के बीच भारत की स्थिति विशिष्ट है। पिछले एक दशक में देश ने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का एक ऐसा माडल विकसित किया है, जिस पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ध्यान आकर्षित हुआ है। आधार, यूपीआइ और डिजिटल पहचान तंत्र ने सेवा वितरण, वित्तीय समावेशन और पारदर्शिता में संरचनात्मक बदलाव किया है।

# भारत में महिलाओं के प्रति बदलने लगा है नज़रिया

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने और लैंगिक समानता की वकालत करने के लिए मनाया जाता है। यह जागरूकता बढ़ाने, बाधाओं को तोड़ने और सभी के लिए समान अवसरों को बढ़ावा देने का दिन है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं तो समाज और राष्ट्र मजबूत होते है। यह समानता और अधिकारों के लिए एक वैश्विक आंदोलन है, जो महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष का प्रतीक है। यह एक ऐसा दिन है जो महिलाओं को सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च 1911 से पूरे विश्व में मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाना है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की थीम है दान से लाभ है, जो उदारता, सहयोग और सामूहिक प्रगति के मूल्यों को बढ़ावा देता है। यह अभियान इस बात पर प्रकाश डालता है कि महिलाओं का समर्थन करना और लैंगिक समानता को आगे बढ़ाना सभी के लिए व्यापक सामाजिक और आर्थिक लाभ ला सकता है। इस अभियान का मूल विचार यह है कि जब महिलाएं शिक्षा, नेतृत्व, उद्यमिता, विज्ञान, कला और राजनीति जैसे क्षेत्रों में सशक्त होती हैं, तो इससे मजबूत समुदाय और साझा समृद्धि का निर्माण होता है। सहयोग और समान अवसरों को प्रोत्साहित करके, यह अभियान समाज में समावेशी विकास और सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देना चाहता है।

भारत में महिलाओं की सुरक्षा और इज्जत का खास ख्याल रखा जाता है। अगर हम इक्कीसवीं सदी की बात करे तो यहां की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला काम कर रही है। अब तो भारत की संसद ने भी महिलाओं के लिये लोकसभा व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक पास कर दिया है। उससे आने वाले समय में भारत की राजनीति में महिलाओं की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण हो जायेगी। देश में महिलाओं को अब सेना में भी महत्वपूर्ण पदो पर तैनात किया जाने लगा है। जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

यहां महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार है। महिलायें देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है तथा विकास में भी बराबर की भागीदार है। आज के युग में महिला पुरुषों के साथ ही नहीं बल्कि उनसे दो कदम आगे निकल चुकी है। महिलाओं के बिना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। भारतीय संविधान के अनुसार महिलाओं को भी पुरुषों के समान जीवन जीने का हक है। भारत में नारी को देवी के रूप में देखा गया है। कहा जाता है कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। प्राचीन काल से ही यहां महिलाओं को समाज में विशिष्ट आदर एवं सम्मान दिया जाता है।



भारत में वर्षो से महिला सुरक्षा से जुड़े कई कानून बने है। इसमें हिंदू विडो रीमैरिज एक्ट 1856, इंडियन पीनल कोड 1860, मैटरनिटी बेनिफिट एक्ट 1861, क्रिस्चियन मैरिज एक्ट 1872, मैरिड वीमेन प्रॉपर्टी एक्ट 1874, चाइल्ड मैरिज एक्ट 1929, स्पेशल मैरिज एक्ट 1954, हिन्दू मैरिज एक्ट 1955, फॉरेन मैरिज एक्ट 1969, इंडियन डाइवोर्स एक्ट 1969, मुस्लिम वुमन प्रोटेक्शन एक्ट 1986, नेशनल कमीशन फॉर वुमन एक्ट 1990, सेक्सुअल हर्रास्मेंट ऑफ वुमन एट वर्किंग प्लेस एक्ट 2013 आदि। इसके अलावा 7 मई 2015 को लोक सभा ने और 22 दिसम्बर 2015 को राज्य सभा ने जुवेनाइल जस्टिस बिल में भी बदलाव किया है। इसके अन्तर्गत यदि कोई 16 से 18 साल का किशोर जघन्य अपराध में लिप्त पाया जाता है तो उसे भी कठोर सजा का प्रावधान है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक साल 2023 में भारत में महिलाओं के खिलाफ कुल 4, 05, 861 अपराध दर्ज किए गए। इन अपराधों में बलात्कार, छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, साइबर अपराध, और अपहरण जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। इनमें सबसे ज्यादा मामले घरेलू हिंसा और यौन उत्पीड़न के सामने आए हैं।जो समाज में महिलाओं की सुरक्षा के प्रति हमारी उदासीनता को दर्शाते हैं। इससे पहले 2022 में 4, 45, 256 मामले, 2021 में 4, 28, 278मामले 2020 में 3, 71, 503 मामले दर्ज किए गए थे।

राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहा। राष्ट्रीय महिला आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक देश भर से पूरे साल में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 28, 811 शिकायतें मिलीं। इसमें 16 हजार से ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश राज्य से आए हैं। आंकड़े हैरान कर देने वाली हैं। क्योंकि आयोग में ये शिकायत गरिमा के अधिकार कैटेगरी के अंतर्गत दर्ज किया गया है। इसके बाद दूसरे नंबर पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 2, 411 मामले दर्ज किए गए। महाराष्ट्र में 1, 343, बिहार में 1, 312 और मध्य प्रदेश में 1, 165 इतने मामले दर्ज किए गए हैं।

2023 के 12 महीने बाद जारी किए गए इस रिपोर्ट में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध में दहेज उत्पीड़न और दुष्कर्म जैसे अपराध दर्ज किए गए हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग की यह रिपोर्ट महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता दिखाती है। आंकड़ों के मुताबिक देश भर में यौन उत्पीड़न के 805 मामले, साइबर अपराध के 605 मामले, पीछा करने की 472 मामले और सम्मान से जुड़े अपराध के खिलाफ 409 शिकायतें दर्ज कराई गईं। आंकड़ों के मुताबिक, महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बलात्कार के मामले भी शामिल हैं। साल 2023 में बलात्कार और बलात्कार के प्रयास के 1, 537 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद गरिमा के अधिकार के तहत 8, 540, घरेलू हिंसा के 6, 274, दहेज उत्पीड़न के 4, 797, छेड़छाड़ के 2, 349, और महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता के 1, 618 मामले दर्ज किए गए।

2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले 2022 की तुलना में कम हुए हैं। 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 30, 864 मामले दर्ज किए गए थे। जबकि 2023 में यह संख्या घटकर 28, 278 हो गई। यह एक सकारात्मक संकेत है लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। साल 2022 के बाद से शिकायतों की संख्या में कमी देखी गई है। जब 30, 864 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जो 2014 के बाद से सर्वाधिक आंकड़ा था। जहां तक बात महिलाओं की सुरक्षा की आती है तो पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व निर्णयों से महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई प्रबंध किये हैं। आज भारत में महिलायें पहले की अपेक्षा ज्यादा सुरक्षित है।

हम एक तरफ महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबरी का दर्जा देकर उन्हे आगे बढ़ा रहें है। वहीं दूसरी तरफ उनके साथ अत्याचार की घटनाओं में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आये दिन हमें महिलाओं के साथ बलात्कार, दुर्व्यवहार होने की घटनाये सुनने को मिलती रहती है। ऐसी घटनाओं से महिला सशक्तिकरण के अभियान को धक्का लगता हैं।देश में महिलाओं के प्रति खराब होते माहौल को बदलने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं अपितु हर आम आदमी की भी है। हम सभी को आगे आकर महिला सुरक्षा की लड़ाई में महिलाओं का साथ देना होगा तभी देश की मातृ शक्ति सर उठा कर शान से चल सकेगीं। अब महिलाओं को समझना होगा कि आज समाज में उनकी दयनीय स्थिति समाज में चली आ रही परम्पराओं का परिणाम है। इन परम्पराओं को बदलने का बीड़ा स्वयं महिलाओं को ही उठाना होगा। तभी समाज में उनके प्रति सोच बदल पायेगी।

# मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक संपन्न

# उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश

प्रयागराज। मंडलायुक्त श्रीमती सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं उद्यमियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति देने, निवेश को प्रोत्साहित करने तथा उद्यमियों से जुड़ी समस्याओं के समयबद्ध समाधान पर चर्चा की गई। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे उद्योगों के संचालन में किसी प्रकार की अनावश्यक बाधा न आए।

बैठक में रोजगारपरक योजनाओं की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 100 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की जाए। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराना है, इसलिए संबंधित विभाग इनके क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाएं।

निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि समयसीमा के बाद लंबित सभी मामलों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर किया जाए। उन्होंने कहा कि निवेश प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाना औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक है तथा निवेशकों का विश्वास बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों की स्थिति की जानकारी दी गई। मंडल में कुल 16, 663 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 15, 027 का निस्तारण किया जा चुका है। जनपदवार आंकड़ों के अनुसार प्रयागराज में 8, 837, फतेहपुर में 3, 868, प्रतापगढ़ में 2, 305 तथा कौशांबी में 1, 653 प्रकरण दर्ज किए गए।

बैठक के दौरान मंडलायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत रोजगार सृजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 4 औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों (श्री सुनील यादव, एच.आर प्रमुख-जय भारत एसोसिएट, श्री सुशील कुमार पांडे, एच.आर प्रमुख- हबीली सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड, श्री उमेश चन्द्र द्विवेदी, असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट- सोनाटा फ़ाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, सूबेदार मेजर राम लखन पाल, पार्टनर- गरुड़ा सेक्युर्टी सर्विसेस इलाहाबाद) को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने इन इकाइयों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास क्षेत्र में रोजगार सृजन और औद्योगिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने में सहायक हैं।





उद्यमियों ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए जिस पर मंडलायुक्त ने उनसे कहा कि वे अपने सुझावों को लिखित प्रस्ताव के रूप में उपलब्ध कराएं, ताकि उसे शासन को भेजकर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा सके।औद्योगिक क्षेत्र नैनी में उद्यमियों द्वारा उठाई गई समस्याओं पर भी चर्चा की गई। इस दौरान आर.एम. यूपीएसआईडीए को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में विद्युत पोल शिफ्टिंग से संबंधित कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि औद्योगिक इकाइयों की गतिविधियां प्रभावित न हों। बैठक में समस्त एलडीएम, संबंधित विभागों के अधिकारी तथा उद्यमी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन संयुक्त आयुक्त उद्योग श्री अजय कुमार चौरसिया द्वारा किया गया।

### मुक्त विश्वविद्यालय में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन

## पुस्तक पढ़ने से विकसित होता है मस्तिष्क-प्रोफेसर सत्यकाम

प्रयागराज। उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के केन्द्रीय पुस्तकालय में एक दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का भव्य शुभारम्भ मंगलवार को किया गया। पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में पुस्तक पढ़ने की आदत जरूर डालनी चाहिए। जिससे मानस पटल विकसित होता है तथा व्यक्तित्व में गंभीरता आती है। डिजिटल युग में लोगों में पुस्तक पढ़ने की प्रवृत्ति कम हो रही है जो कि चिंता जनक है। लोगों में पुस्तक पढ़ने की रुचि जगाने के लिए जगह-जगह पुस्तक मेले लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कई महान साहित्यकारों की पुस्तकों का वर्णन करते हुए कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में इन ग्रन्थों का अध्ययन कर युवा पीढ़ी ज्ञानार्जन कर सकती है।

पुस्तक प्रदर्शनी में आये हुए अतिथियों का स्वागत उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ आर0 जे0 मौर्य ने पुष्प-गुच्छ से किया। इस अवसर पर कुलसचिव कर्नल विनय कुमार, वित्त अधिकारी श्रीमती पूनम मिश्रा एवं विभिन्न विद्याशाखाओं के निदेशक, प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे। इस एक दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं का आवागमन लगा रहा। पुस्तक प्रदर्शनी में देश-विदेश के प्रतिष्ठित प्रकाशकों/आपूर्तिकर्ताओं ने अपनी स्टाल लगाई।विश्वविद्यालय के पुस्तक प्रेमियों, विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, जिसमें सभी प्रकार की पुस्तकें प्रकाशकों आपूर्तिकर्ताओं द्वारा मेले में प्रदर्शित की गई। पुस्तक प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय पुस्तकालय के लिए निदेशकों, प्राध्यापकों, परामर्शदाताओं, विषय विशेषज्ञों द्वारा पुस्तकों का चयन किया गया। जिनका क्रय पुस्तकालय में किया जायेगा। शिक्षकों एवं छात्रों के अकादमिक दृष्टिकोण से यह पुस्तक मेला अत्यन्त ही लाभप्रद साबित हुआ जिसमें विभिन्न प्रकाशकों की पुस्तकें एक स्थान पर उपलब्ध हो सकी। इस एक दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का समापन सायं 05:00 बजे हुआ।



### शैक्षिक गुणवत्ता सुधार पर जोर, एआरपी की समीक्षा बैठक संपन्न

## शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए एआरपी की भूमिका महत्वपूर्ण : बीएसए

### सभी एआरपी रोस्टर के अनुसार विद्यालयों का करें नियमित भ्रमण

प्रयागराज। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज अनिल कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला परियोजना कार्यालय, मफोर्डगंज स्थित सरस्वती सभागार में जनपद के समस्त एआरपी की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विकासखंडों में संचालित शैक्षिक गतिविधियों तथा विद्यालयों में शिक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए एआरपी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी एआरपी रोस्टर के अनुसार विद्यालयों का नियमित भ्रमण करते हुए शिक्षकों को शैक्षणिक सहयोग प्रदान करें तथा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत निर्धारित अधिगम लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित कराएं।

बैठक में विद्यालयों में समय सारिणी के प्रभावी अनुपालन, शिक्षक संदर्शिका के उपयोग, निपुण प्लस ऐप पर आकलन की प्रगति बढ़ाने तथा विद्यालयों में स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं की स्थिति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही विद्यालयों में किए जा रहे उत्कृष्ट नवाचारों एवं बेस्ट प्रैक्टिस को प्रोत्साहित करने पर भी बल दिया गया।




जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने आगामी स्कूल चलो अभियान की तैयारियां प्रारंभ करने तथा अभिभावकों से संपर्क कर अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नए शैक्षिक सत्र के प्रारंभ पर एक अप्रैल को विद्यालयों में पुस्तक वितरण कार्यक्रम समारोहपूर्वक आयोजित करने की बात कही ।

बैठक में राजीव त्रिपाठी (जिला समन्वयक मध्यान्ह भोजन), विकास पांडे (जिला समन्वयक समेकित शिक्षा), अभिनव सिंह (जिला समन्वयक प्रशिक्षण), प्रशांत ओझा, सुनील कुमार तथा जनपद के समस्त एआरपी उपस्थित रहे।

# तुलसी' बनकर मंच पर उतरे शेखर सेन

# विरासत कला उत्सव में बिखरा भक्ति का रंग

### भावपूर्ण अभिनय और 52 संगीत खंडों से सजी प्रस्तुति ने दर्शकों को किया भावविभोर

प्रयागराज। मंच पर जैसे ही प्रकाश फैला और स्वर गूंजा–मानो समय की परतें खुलने लगीं। दर्शक अचानक पाँच शताब्दियों पीछे पहुँच गए, जहाँ एक संत-कवि की आवाज़ आज भी समाज को दिशा देती है। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा आयोजित 'विरासत कला उत्सव' के पांचवें दिन प्रसिद्ध रंगकर्मी शेखर सेन की एकल नाट्य प्रस्तुति 'तुलसी' ने सभागार को भक्ति, भाव और नाट्य की अद्भुत अनुभूति से भर दिया।

यह प्रस्तुति उस कल्पनात्मक क्षण को जीवंत करती है, जब गोस्वामी तुलसीदास 24 घंटे के लिए पृथ्वी पर आते हैं और अपने जीवन के संघर्ष, भक्ति और सृजन की कहानी स्वयं सुनाते हैं। निर्धनता और उपेक्षा से भरे बचपन से लेकर एक महान कवि-संत बनने तक की यह यात्रा दर्शकों को भावुक भी करती है और प्रेरित भी। शेखर सेन ने अपनी प्रभावशाली अभिनय क्षमता, संगीत और संवादों के माध्यम से तुलसीदास के व्यक्तित्व को जीवंत कर दिया। नाटक में उस सामाजिक चेतना को भी उभारा गया, जिसमें तुलसीदास ने धर्म के नाम पर हो रहे शोषण का विरोध करते हुए 'रामचरितमानस' की रचना की–एक ऐसी रामकथा जो अवधी भाषा में जनसाधारण के लिए लिखी गई और आज भी घर-घर में श्रद्धा के साथ गाई जाती है।



प्रस्तुति में शामिल 52 संगीत खंडों ने पूरे नाट्य मंचन को अत्यंत जीवंत बना दिया। कई अवसरों पर दर्शक भी इन लोकप्रिय पदों को गुनगुनाते नजर आए और सभागार भक्ति के भाव से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर आसीम मुखर्जी (इलाहाबाद विश्वविद्यालय) केंद्र निदेशक सुदेश शर्मा, उपनिदेशक डॉ. आदित्य श्रीवास्तव, उपनिदेशक (कार्यक्रम) डॉ. मुकेश उपाध्याय तथा कार्यक्रम सलाहकार कल्पना सहाय ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलन करके किया। केंद्र निदेशक ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सेवा पर्व के अंतर्गत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में आगरा के प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

स्कूल वर्ग में प्रतिभा सिंह प्रथम, इल्मा द्वितीय और शिल्पा तृतीय रहीं। कॉलेज वर्ग में मयंक प्रताप प्रथम, राहुल वाल्मीकि द्वितीय और कंचन तृतीय रहीं। वहीं प्रोफेशनल वर्ग में नरेश को प्रथम, हिमांशु सिंह को द्वितीय और अरविंद सिंह को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. शार्दुल मिश्रा (एचओडी, भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय), प्रो. शीतला शर्मा सहित केंद्र के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रभाकर त्रिपाठी ने किया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव 2026 : आज का दिन शिव और शक्ति की ऊर्जा का दिव्य महोत्सव

प्रयागराज/ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव 2026 का दूसरा दिन प्रतिभागियों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा, योग और ज्ञान का समृद्ध अनुभव देने वाला रहा। इस वर्ष महोत्सव में लगभग 1, 500 प्रतिभागी लगभग 80 देशों आये हैं जो भारत की प्राचीन योग परम्परा हठ, अष्टांग, विन्यास, कुंडलिनी, नाड़ी योग, आयुर्वेद, प्राणायाम, ध्यान, पवित्र मंत्र, यज्ञ, गंगा जी दिव्य आरती, सत्संग और भक्ति कीर्तन जैसी विविध परंपराओं को आत्मसात कर रहे हैं।

योग महोत्सव का दूसरा दिन शक्ति-थीम को समर्पित रहा जिसमें आध्यात्मिक ज्ञान सत्र, वैश्विक योग परंपराएँ, आयुर्वेद सत्र और ड्रम वादक शिवमणि जी के ताल व रूना रिजवी शिवमणि जी के मंत्रमुग्ध कर देने वाले संगीत को समर्पित रहा। महोत्सव की शुरुआत प्राचीन गंगा तट पर योग, ध्यान और आध्यात्मिक अनुभवों से हुई।

परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष, पूज्य स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि योग केवल शरीर की साधना नहीं, बल्कि जीवन को बदलने वाली विज्ञान और कला है। यह हमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक त्रिविध संतुलन का अनुभव कराता है। ध्यान के माध्यम से हम अपने अंतरमन की गहराइयों में उतरते हैं, जहाँ शांति और स्थिरता का स्रोत स्वतः जाग्रत होता है।

आज के सत्रों में संगीत और भक्ति का भी महत्वपूर्ण स्थान रहा। रुना रिजवी शिवमणि ने प्रतिभागियों के साथ अपने वास्तविक स्वर को जागृत करें सत्र में भावपूर्ण गायन का अनुभव साझा किया। गुरनिमित सिंह ने थ्रोट चक्र जागरण और मारिया अलेजांद्रा अवचारियन ने दोषों की समझ, तीनों ऊर्जा निकाय विषयक कार्यशालाएँ आयोजित की।

संध्या के समय पवित्र गंगाजी के तट पर ड्रम वादक शिवमणि जी और रूना रिजवी शिवमणि जी के जीवंत व मंत्रमुग्ध कर देने वाले संगीत ने वातावरण को दिव्यता से युक्त कर दिया। परमार्थ निकेतन गंगा आरती, सैकड़ों दीपकों की रोशनी और मंत्रों की गूंज ने वातावरण को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतिभागियों ने भक्ति में झूमकर नृत्य और गरबा के माध्यम से उत्सव मनाया। इसके बाद हृदय के अन्दर प्रवेश करने हेतु कीर्तन, साइमन ग्लोडे और टीम द्वारा ने सभी को सामूहिक भक्ति, गायन और नृत्य में एकत्रित किया।

अंतर्राष्ट्रीय योगाचार्य स्टीवर्ट गिलक्रिस्ट ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्वस शांति और प्रेम को दुनिया में प्रसारित करने के लिये है। जब लोग अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव में आते हैं, वे सनातन धर्म और योग का वास्तविक अनुभव कर पाते हैं। परमार्थ निकेतन में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव में आयोजित प्रमुख योग की विधायें। लीला योग, हठ योग, हठ विन्यास योग, विन्यास योग, पावर योग, अष्टांग योग, अयंगर योग, कलारी फ्लो योग, प्राण मंडल विन्यास, सूर्य नमस्कार साधना, सूर्य आराधना, प्राणायाम, प्राणायाम अभ्यास, श्वास विज्ञान, नाड़ी योग, कुंडलिनी ऊर्जा सक्रियण, ध्यान, विशोक ध्यान, कुंडलिनी ध्यान, राज योग ध्यान, हिमालयन मेडिटेशन, मंत्र ध्यान, आध्यात्मिक योग साधनाएँ, कर्म योग, भक्ति योग, कुंडलिनी योग, क्रिया योग, मुद्रा साधना, ध्वनि एवं नाद योग, नाद योग, साउंड हीलिंग, गोंग बाथ, कीर्तन, मंत्र जप, आयुर्वेद एवं स्वास्थ्य, आयुर्वेदिक जीवनशैली, मार्म चिकित्सा, मानसिक स्वास्थ्य, डिजिटल डिटॉक्स, मस्तिष्क संतुलन, विशेष योग अभ्यास, योग निद्रा, यिन योग, रिस्टोरेटिव योग, चक्र संतुलन योग, पंचकोश साधना आदि अनेक विधाओं का अभ्यास कराया जा रहा है।



नेपाल डिप्टी एम्बेसडर, श्री सुनिल थापा जी, अमेरिका से आयी आयुर्वेद विशेषज्ञ मारिया अलेजांद्रा अवचारियनए एरिका कॉफमैन, दासा दास, सिआना शेरमन, किया मिलर, डॉ. ईडन गोल्डमैन, हर हरि सिंह, टॉमी रोसेन, केटी बी. हैप्पी, शिवा रिया, आनंद्रा जॉर्ज, जय हरि सिंह, ईशान तिगुनैत, क्रिस्टोफर चैपल, सैंड्रा बार्न्स, जेम्स कैसिडी, यूनाइटेड किंगडम, जाह्नवी क्लेयर मिसिंघम, स्टुअर्ट गिलक्रिस्ट, शार्लोट होम्स, स्विट्जरलैंड, जोसफ शिमडलिन, जर्मनी, साइमन ग्लोडे, जापान, साने यामामोटो, डेनमार्क, स्टाइन डुलोंग, चिली, पाउला तापिया, भारत के चीन में रहने वाले, योगाचार्य मोहन भंडारी आदि अनेक विख्यात योगाचार्यों की गरिमामयी उपस्थिति।

प्रसिद्ध कथाकार भूपेन्द्र भाई पण्ड्या जी, प्रसिद्ध प्राणायाम विशेषज्ञ आधुनिक भीम स्वामी जयंती सरस्वती जी, भारत से योगाचार्य साध्वी आभा सरस्वती जी, एच. एस. अरुण, आनंद मेहरोत्रा, डॉ. इंदु शर्मा, गंगा नन्दिनी, गायत्री योगाचार्य, स्वामी सेवानंद सरस्वती, स्वामी भक्तानन्द जी, योगाचार्य आध्या, आचार्य दीपक शर्मा, आचार्य संदीप शर्मा, रोहिणी मनोहर, नीरू कठपाल, डॉ. रूचि गुलाटी, मयंक भट्ट, विनोद, संध्या दीक्षित डॉ. एन. गणेश राव, डॉ. योगऋषि विश्वकेतु, राधिका नागरथ, सेंसेई संदीप देसाई, सुधांशु शर्मा, डॉ. ए. वी. राजू, रामकुमार, डॉ. आनंद बालयोगी भवानी, आनंदी मैरी सेसिल, आशीष गिल्होत्रा, संजय मंचंदा, डॉ. निशी भट्ट, गुरमीत सिंह, डॉ. पद्मा नयनी गाधिराजु, संज हॉल, डॉ. कृष्ण पंकज नरम, अनिश रंगरेज, रुना रिजवी शिवमणि, अरिंदम चक्रवर्ती, योगेश मालवीय, कृष्णप्रिया, दुर्गेश अमोली आदि कई योगाचार्यों का सहभाग।

भारत, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बांग्लादेश, बेलारूस, बेल्जियम, भूटान, ब्राजील, बुल्गारिया, बुर्किना फासो, कंबोडिया, कनाडा, चाड, चिली, चीन, कोलम्बिया, कोस्टा रिका, क्यूबा, डेनमार्क, इक्वाडोर, फीजी, फ्रांस, जॉर्जिया, जर्मनी, घाना, गुयाना, गिनी-बिसाऊ, इंडोनेशिया, ईरान, आयरलैंड, इजराइल, इटली, जापान, कजाखस्तान, कोरिया, किर्गिजस्तान, लाओस, मलेशिया, मालदीव, मॉरीशस, मेक्सिको, मोल्डोवा, म्यांमार, नेपाल, न्यूजीलैंड, नाइजर, नाइजीरिया, नॉर्वे, ओमान, पेरू, पुर्तगाल, रोमानिया, रूस, सर्बिया, स्लोवाकिया, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, श्रीलंका, सुरिनाम, स्विट्जरलैंड, सीरिया, ताइवान, ताजिकिस्तान, थाईलैंड, त्रिनिदाद और टोबैगो, यूक्रेन, यूनाइटेड किंगडम, अमेरिका, उज्बेकिस्तान, वियतनाम, जाम्बिया, जिम्बाब्वे आदि अनेक देशों के योग जिज्ञासुओं का प्रतिभाग।

## महाशक्ति पीठ मां कल्याणी देवी जी का तीन दिवसीय वार्षिक मेला का हुआ शुभारंभ

### अष्टमी मेला का मुख्य मेला आज, होगा मां कल्याणी का महाश्रृंगार उत्सव

प्रयागराज। मां कल्याणी देवी जी का तीन दिवसीय चैत्र अष्टमी का वार्षिकी मेला मां कल्याणी देवी की मां कल्याणी देवी मंदिर के अध्यक्ष पंडित सुशील कुमार पाठक ने आरती के साथ शुभारंभ किया गया इस अवसर पर प्रातः काल से दोपहर 1 बजे तक हजारों महिलाएं एवं पुरूषों ने मां कल्याणी देवी का दर्शन पूजन किया। और शाम 6 बजे मां कल्याणी का मां काली जी के स्वरूप का भक्तों ने दर्शन प्राप्त कर मां के लगाए जयकारे। और रात्रि 11 बजे हजारों की संख्या में आए हुए भक्तो ने मां कल्याणी का श्रृंगार दर्शन किया गया। अध्यक्ष पं सुशील कुमार पाठक ने बताया कि 11 मार्च को अष्टमी तिथि को प्रातः मां कल्याणी मैया कि मंगला आरती की जाएगी और दोपहर 2 बजे तक भक्त गण मां कल्याणी देवी जी का दर्शन पूजन करेंगे और शाम 7: 30 बजे मां कल्याणी का महा श्रृंगार दर्शन और महाआरती की जाएगी तत्पश्चात मां का महाश्रृगांर दर्शन हेतु भक्तों के लिए पट खोल दिया जाएगा ।

महामंत्री पं श्याम जी पाठक ने बताया कि 11 मार्च को अष्टमी दिवश पर मां कल्याणी देवी जी का महा श्रृंगार संपूर्ण स्वर्ण आभूषणों से और विविध प्रकार के पुष्प, फल, और मेवा से किया जाएगा। इस अवसर पर दूर दूर से हजारों भक्तगण मां कल्याणी को गाजा बाजा के साथ ध्वज निशान अपने मन्नतें पूरी करने के लिए चढांने के लिए आएंगे। और मेले में आयोजित देवी जागरण और लोकगीत के आयोजन में शामिल होंगे। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर मां कल्याणी देवी जी के मंदिर में नवचंडी दुर्गा सप्तशती का पाठ, कुंवारी कन्याओं का पूजन भोजन एवं हवन आदि कार्यक्रम विधि-विधान पूर्वक किया जाएगा।



इस अवसर पंडित श्याम जी पाठक पंडित अनिल कुमार पाठक, राजेश केसरवानी, सुधीर , पंडित महेंद्र तिवारी आदि हजारों भक्तगण उपस्थित रहे।

### 1113 अभ्यर्थियों की है सूची, 19 तक देना है नियुक्त पत्र

## सूची में विसंगति, त्रुटि की दें तुरंत जानकारी, होगी कार्रवाई : सचिव बेसिक

प्रयागराज। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जूनियर हाईस्कूल के 29334 गणित / विज्ञान सहायक अध्यापकों की भर्ती की अनंतिम चयन / जनपद आवंटन के लिए आज 1113 अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गयी है। इन अभ्यर्थियों को नियुक्त पत्र / पद स्थापन 19 मार्च तक होगा। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने 29334 गणित / विज्ञान सहायक अध्यापकों की भर्ती की अनंतिम चयन / जनपद आवंटन की सूची जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि गणित - विज्ञान के सहायक अध्यापकों की जारी अनंतिम सूची / जनपद आवंटन की सूची में अगर कोई गडबडी मिलती है तो उसकी जानकारी शीघ्र मुझे दी जाये जिससे कि संबंधित का अभ्यर्थन तुरंत निरस्त किया जा सके। उल्लेखनीय है कि जूनियर हाईस्कूल के गणित, विज्ञान सहायक अध्यापको के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती का आदेश दिया था जिस पर यह भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई है जो 19 मार्च तक अनंतिम चयन / जनपद आवंटन हो सके।



### आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में एनएसएस के विशेष शिविर का शुभारम्भ

## स्वयंसेविकाएं समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाए : पंकज जायसवाल

प्रयागराज। आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, प्रयागराज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ आज महाविद्यालय की समस्त पांच इकाई के 250 स्वयंसेविकाओं ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासी निकाय, आर्य कन्या डिग्री कॉलेज के अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने अपने संबोधन में स्वयंसेविकाओं को समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए उनको प्रेरित किया। प्राचार्या प्रो. अर्चना पाठक ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रार्थना से हुआ, जिसके पश्चात स्वयं सेविकाओं ने योग एवं ध्यान किया। इस अवसर पर डॉ. चित्रा चौरसिया ने स्वयंसेविकाओं को लक्ष्य गीत का अभ्यास कराया। इसके उपरांत हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मंच का सञ्चालन राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी अधिकारी डॉ. रंजना त्रिपाठी ने किया। डॉ. मुदिता तिवारी ने स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, गतिविधियों एवं उसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। आज नृत्य, गायन एवं कविता पाठ के लिए स्वयंसेविकाओं का चयन किया गया और पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता के लिए विषय बताया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. रंजना त्रिपाठी, डॉ. दामिनी श्रीवास्तव, डॉ. सुधा कुमारी, डॉ. शिवानी विश्वकर्मा, डॉ. भारती देवी सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।उप प्राचार्या प्रो. इभा सिरोठिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



# भिवंडी मनपा में स्थायी समिति सभापति को लेकर राकांपा (शरद) में खींचतान

## अधिसूचना जारी होने के बाद भी अनिश्चितकालीन टला मनपा का पहला महासभा,जनता हैरान

**भिवंडी (संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

भिवंडी मनपा में महापौर व उपमहापौर का चुनाव होने के बाद अब स्थाई समिति सभापति का चुनाव को लेकर जोरदार खींचतान शुरू है।इस कारण मनपा की पहली बहुप्रतीक्षित सोमवार को होने वाली महासभा की अधिसूचना जारी होने के बाद आखिरकार टाल दिया गया है। नगरसचिव विभाग ने बताया कि 'अपरिहार्य कारणों' से इस सभा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है।

मालूम हो कि भिवंडी मनपा में हुए आम चुनाव के बाद महापौर के चयन में लगभग एक महीने का समय लगा, जिसके बाद 20 फरवरी को महापौर का चुनाव संपन्न हुआ। इस प्रक्रिया के 15 दिन बीत जाने के बाद 9 मार्च को पहली महासभा के लिए अधि सूचना जारी की गई थी।इस महासभा के एजेंडे में दो मुख्य विषय शामिल किया गया था।जिसमें स्थायी समिति के 16 सदस्यों का चयन के साथ ही प्रभाग समितियों का पुनर्गठन का मामला शामिल था।लेकिन मनपा नगरसचिव ने अपरिहार्य कारणों का हवाला देते हुए पहली महासभा रद्द कर दी।मनपा गलियारों में चर्चा है कि महासभा स्थगित होने के पीछे की असली वजह स्थायी समिति के सभापति पद का समीकरण न बैठ पाना है।मालूम हो कि सेक्युलर फ्रंट के गठबंधन में स्थायी समिति के सभापति का पद राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद) के हिस्से में आया है। शुरुआत से ही यह संभावना जताई जा रही थी कि पूर्व उपमहापौर इमरान खान की बेटी ईशा खान को इस पद पर नियुक्त किया जाएगा।परंतु, पार्टी के वरिष्ठ नगरसेवक फराज (बाबा) बहाउद्दीन ने भी इस पद पर अपनी मजबूत दावेदारी ठोक दिया है। इस दावेदारी के कारण पार्टी के भीतर खींचतान और असंतोष शुरू हो गया है। यही महासभा टलने का मुख्य कारण माना जा रहा है।जिसे लेकर शहर में तहत तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है।




# भिवंडी में एक ही दिन चार जगह मोबाइल चोरी, 11 फोन लेकर फरार...

## 1.38 लाख रुपये के मोबाइल चोरी, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**भिवंडी (संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

भिवंडी। शहर में मोबाइल चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। सोमवार की रात अलग-अलग इलाकों में मोबाइल चोरी की चार घटनाएं सामने आईं, जिनमें अज्ञात चोर कुल 11 मोबाइल फोन चुरा ले गए। चोरी हुए मोबाइल की कुल कीमत करीब 1.38 लाख रुपये बताई जा रही है। इन घटनाओं के बाद शहर में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रावजी नगर स्थित अहमद अपार्टमेंट में रहने वाले जुल्फिकार जावेद अहमद शहा (28) 9 मार्च की सुबह 7 से 9 बजे के बीच अपने मित्र के साथ बेडरूम में सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोर मुख्य दरवाजा तोड़कर घर में घुस गए और अलग-अलग कंपनियों के तीन मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो गए। इनकी कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई गई है। इसी तरह रावजी नगर की तबेला बिल्डिंग में रहने वाले सब्जी विक्रेता वाहिद कादिर बागवान (25) के घर का दरवाजा खुला होने का फायदा उठाकर चोर घर में घुस गए और हॉल में चार्जिंग पर लगे दो मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। इनकी कीमत लगभग 20 हजार रुपये बताई गई है। वहीं कोनगांव थाना क्षेत्र के रांजनोली इलाके में भी दो अलग-अलग घटनाएं दर्ज की गई हैं। पान टपरी चलाने वाले फहीम आलम रईसुद्दीन शेख (38) के घर से अज्ञात चोर सुबह 7 से 7.30 बजे के बीच चार मोबाइल फोन चोरी कर ले गए, जिनकी कीमत करीब 63 हजार रुपये है। इसी क्षेत्र में रहने वाले सब्जी विक्रेता राजेश भोनुलाल मौर्य (31) के घर से भी दो मोबाइल फोन चोरी हो गए। बताया गया कि वह अपनी पत्नी के साथ घर का दरवाजा बंद किए बिना सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति कमरे में घुसकर पलंग पर रखे दो मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। चोरी हुए फोन की कीमत करीब 15,500 रुपये बताई गई है। पुलिस ने चारों मामलों में बीएनएस की धारा 305 के तहत अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही नागरिकों से रात के समय घरों के दरवाजे बंद रखने और सतर्क रहने की अपील की है।

# बिना आवेदन के पर्सनल लोन दिखाकर युवक से 7.46 लाख की ऑनलाइन ठगी.

भिवंडी। शहर में साइबर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें अज्ञात ठगों ने एक युवक के बैंक खाते से बिना आवेदन के पर्सनल लोन मंजूर दिखाकर 7.46 लाख रुपये उड़ा लिए। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कोनगांव क्षेत्र के वॉटर सप्लाई रोड स्थित ड्रीम फ्लॉवर बिल्डिंग में रहने वाले मनोज पुंजाराम बेंडकुले (34) निजी कंपनी में कार्यरत हैं। 14 जनवरी 2026 को दोपहर करीब 2:30 से 2:37 बजे के बीच वह घर पर थे, तभी उनके मोबाइल पर उनके सैलरी अकाउंट से पर्सनल लोन मंजूर होने का संदेश आया।मनोज ने पुलिस को बताया कि उन्होंने किसी भी बैंक में पर्सनल लोन के लिए आवेदन नहीं किया था। इसके बावजूद उनके एचडीएफसी बैंक के भांडुप शाखा स्थित खाते से 7,14,000 रुपये का पर्सनल लोन मंजूर दिखाया गया और इसके बाद कुल 7,46,900 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए गए। घटना की शिकायत मिलने के बाद कोनगांव पुलिस स्टेशन में अज्ञात आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट की धारा 66(डी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस बैंक ट्रांजैक्शन और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर साइबर ठगों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# दहेज के लिए महिला को प्रताड़ित करने का आरोप, पति समेत तीन पर केस

भिवंडी। शहर के नारपोली पुलिस थाना क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर एक महिला को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर उसके पति, सास और ससुर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार 24 वर्षीय पीड़िता का विवाह 19 दिसंबर 2020 को चेतन सुनील गोरे से हुआ था। विवाह के बाद वह अपने ससुराल धाराशिव जिले के पळसब गांव में रहने लगी थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति चेतन गोरे, ससुर सुनील गोरे (53) और सास यशोदा गोरे (50) दहेज की मांग को लेकर उसे परेशान करने लगे।पीड़िता का आरोप है कि ससुराल पक्ष ने शादी में पर्याप्त दहेज नहीं लाने की बात कहकर मायके से चारपहिया वाहन और नकदी लाने का दबाव बनाया। मांग पूरी नहीं होने पर उसे गाली-गलौज कर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। बताया गया कि 26 जनवरी 2022 को आरोपियों ने महिला को मायके भेजते हुए कहा कि जब तक चारपहिया वाहन और पैसे नहीं लाओगी, तब तक ससुराल वापस मत आना। पीड़िता की शिकायत पर नारपोली पुलिस स्टेशन में सीआर नंबर 157/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 85, 351(2) और 352 के तहत मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल सभी आरोपी फरार बताए जा रहे हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है। मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक किशोरी पाटील कर रही हैं।

# बिजली मीटर हटाने पहुंचे कर्मचारियों से मारपीट, महिला सहित दो पर केस.

भिवंडी। शहर के कामतघर इलाके में बिजली मीटर हटाने पहुंचे टोरंट पावर कंपनी के कर्मचारियों के साथ मारपीट और धक्कामुक्की करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने एक महिला और उसके साथी के खिलाफ केस दर्ज किया है।पुलिस के अनुसार टोरंट पावर कंपनी के कर्मचारी आशीष बोदडे (35) अपने स्टाफ और सुरक्षा रक्षकों के साथ 9 मार्च को दोपहर करीब 12.30 बजे कामतघर के भाग्यनगर इलाके में एक घर का बिजली मीटर बॉक्स हटाने पहुंचे थे। इसी दौरान घर में रहने वाली राणी रविंद्र हेगडे (45) और उसके साथ मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने कर्मचारियों को मीटर ले जाने से रोकते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि दोनों ने कर्मचारियों आशीष बोदडे तथा उनके सुरक्षा रक्षक देवेश पाटील और नंदकिशोर राव की कॉलर पकड़कर धक्कामुक्की की और सरकारी काम में बाधा डाली। इस मामले में भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 115(2), 352, 126(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपनिरीक्षक सुरेश ढोले मामले की जांच कर रहे हैं और आरोपियों की तलाश जारी है।

# महाप्रबंधक ने मध्य रेल के 12 कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री प्रतीक गोस्वामी ने दिनांक 10.03.2026 को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस में आयोजित एक समारोह में मध्य रेल के 12 कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया।

यह संरक्षा पुरस्कार कर्मचारियों द्वारा ड्यूटी के दौरान दिखाई गई सतर्कता, सूझबूझ और कर्तव्यनिष्ठा को मान्यता देने के लिए प्रदान किए गए, जिससे पिछले महीनों में संभावित अप्रिय घटनाओं को टालने और सुरक्षित ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने में मदद मिली। प्रत्येक पुरस्कार में एक पदक, प्रशंसा पत्र, अनुकरणीय संरक्षा कार्य का प्रशस्ति पत्र और ?3500/- का नकद पुरस्कार शामिल है।

पुरस्कार विजेताओं का विवरण

मुंबई मंडल - (2 पुरस्कार विजेता)

मुंबई मंडल के मानखुर्द स्टेशन के प्रबंधक श्री जी सी आयसक ने दिनांक 24.01.2026 को ड्यूटी के दौरान पनवेल जाने वाली लोकल ट्रेन के अंतिम कोच की ट्रॉली में एल्युमिनियम की पट्टियाँ फंसी हुई देखीं। श्री आयसक ने तुरंत खतरे का संकेत दिया और ट्रेन को रोकने में सफल रहे। ड्यूटी पर तैनात प्वाइंट्समैन और आरपीएफ की मदद से पट्टियां हटाई गईं और ट्रेन सुरक्षित रूप से रवाना हो गई। उनकी सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक अप्रिय घटना टल गई।

श्री सुमित कुमार, ट्रेन मैनेजर, सीएसएमटी, मुंबई मंडल ,दिनांक 28.01.2026 को श्ळण्ण विशेष ट्रेन पर ड्यूटी पर थे। जब ट्रेन कालवा स्टेशन से गुजर रही थी, तब श्री सुमित कुमार ने असामान्य रूप से धूल उड़ते हुए देखी। ट्रेन को रोका गया और जांच में एक कोच का फ्रेम टूटा हुआ पाया गया। उन्होंने तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित किया और समय पर कार्रवाई की गई। उनकी सतर्कता से एक संभावित गंभीर दुर्घटना टल गई।

नागपुर मंडल(4 पुरस्कार विजेता)

श्री दिगंबर सिंह, डिप्टी स्टेशन मैनेजर भांदक , नागपुर मंडल, दिनांक 24.01.2026 को ड्यूटी पर थे। गुजरते मालगाड़ी के साथ सिग्नल के आदान-प्रदान के दौरान, उन्होंने एक वैगन में हॉट एक्सल देखी। उन्होंने तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित किया और समय पर कार्रवाई की गई। उनकी सतर्कता से एक संभावित गंभीर दुर्घटना टल गई।

श्री अरविंद कुमार, सीनियर ट्रेन मैनेजर, नागपुर मंडल ने दिनांक 14.02.2026 को ड्यूटी के दौरान विपरीत पटरी पर चल रही एक मालगाड़ी के एक डिब्बे में आग देखी। उन्होंने तुरंत सभी संबंधित अधिकारियों को सूचित किया और लाल सिग्नल दिखाकर ट्रेन रोक दी। जांच में गंभीर ब्रेक बाइन्डिंग होने की समस्या सामने आई और समय रहते कार्रवाई की गई। उनकी सतर्कता से एक संभावित गंभीर दुर्घटना टल गई।

श्री मुजाहिद हुसैन, सीनियर टेकनीशियन (टीआरएस), अजनी, नागपुर मंडल ने दिनांक 19.01.2026 को ड्यूटी के दौरान लोको नंबर 31089 के रखरखाव कार्य के दौरान कैब नंबर 2 के सीबीसी योक प्लेट पर 6 इंच की दरार देखी। उन्होंने तुरंत सभी संबंधित अधिकारियों को सूचित किया, जिससे एक संभावित दुर्घटना टल गई।

श्री संजीव कुमार सिंह, प्वाइंट्समैन, सिंडी, नागपुर मंडल ने दिनांक 17.02.2026 को ड्यूटी के दौरान ट्रेन नंबर 12616 (ग्रैंड ट्रंक एक्सप्रेस) के




अंतिम कोच में धुआं और आग देखी। उन्होंने तुरंत स्टेशन मास्टर को सूचित किया और सेक्शन में ट्रेन रोक दी। आग बुझा दी गई और ट्रेन सुरक्षित रूप से रवाना हो गई। उनकी सतर्कता और समय पर की गई कार्रवाई से एक संभावित गंभीर दुर्घटना टल गई।

पुणे मंडल (3 पुरस्कार विजेता)

श्री विनोद मंगुडे, प्वाइंट्समैन, नान्द्रे, पुणे मंडल, दिनांक 19.02.2026 को ड्यूटी पर रहते हुए, गुजर रही मालगाड़ी के साथ सिग्नल के आदान-प्रदान के दौरान, एक वैगन में हॉट एक्सल देखा। उन्होंने तुरंत खतरे का संकेत दिया, ट्रेन को रोकने में कामयाबी हासिल की और सभी संबंधित अधिकारियों को सूचित किया। उनकी सतर्कता और समय पर की गई कार्रवाई से एक संभावित गंभीर दुर्घटना टल गई।

विशाल हरपुडे, गैंगमेट, पुणे, पुणे मंडल , दिनांक 29.01.2026 को गश्त ड्यूटी पर रहते हुए, किमी 190/9-10 पर एक व्हील बर्न देखा। उन्होंने तुरंत सभी संबंधित अधिकारियों को सूचित किया, जिससे एक संभावित दुर्घटना टल गई।

अनिल कुमार, ट्रैकमैन, तलेगांव, पुणे मंडल ने दिनांक 17.02.2026 को किलोमीटर 147/39-19 पर सावधानी आदेश सुरक्षा ड्यूटी के दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस को गति कम करने का संकेत दिया, क्योंकि एक्सप्रेस ने उस खंड में अधिकतम अनुमेय गति सीमा पार कर ली थी। उनकी सतर्कता से एक संभावित गंभीर दुर्घटना टल गई।

भुसावल मंडल (2 पुरस्कार विजेता)

भुसावल मंडल के बडनेरा के लाइनमैन विनोद कुमार ने दिनांक 01.02.2026 को बडनेरा-अमरावती खंड पर गश्त ड्यूटी के दौरान किलोमीटर 67ॅ/14-15 पर कैटेनरी तार को पतंग की डोर से 60इ क्षतिग्रस्त पाया। श्री विनोद कुमार ने तुरंत सुरक्षा उपाय किए और सभी संबंधितों को सूचित किया, जिससे एक संभावित दुर्घटना टल गई।

वीरपाल सिंह, असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (आरपीएफ), मलकापुर, भुसावल मंडल ,दिनांक 29.01.2026 को रात 23:35 बजे ड्यूटी पर तैनात थे। उन्होंने देखा कि ट्रेन संख्या 12139 सेवाग्राम एक्सप्रेस के जनरल कोच में चढ़ने की कोशिश करते समय एक यात्री गिर गया। ट्रेन अभी-अभी चलना शुरू हुई थी। उन्होंने तुरंत हस्तक्षेप किया और यात्री को गंभीर चोट से बचाया। उनकी सूझबूझ और त्वरित प्रतिक्रिया से एक अप्रिय घटना टल गई।

सोलापुर मंडल (1 पुरस्कार विजेता)

अंबदास देवकर, सीनियर टेकनीशियन (ट्रेन लाइटिंग), सोलापुर, सोलापुर मंडल ,दिनांक 24.01.2026 को ट्रेन संख्या 12702 हुसैन सागर एक्सप्रेस में बिजली सप्लाई बंद होने की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए, तुरंत शॉर्ट सर्किट के कारण खराबी का पता लगाया और समस्या का समाधान किया। उनकी त्वरित प्रतिक्रिया से एक अप्रिय घटना टल गई।

महाप्रबंधक ने कर्तव्यनिष्ठा और सतर्कता के लिए पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि उनके कार्यों से अन्य रेल कर्मचारियों को भी यात्रियों की संरक्षा और रेल संपत्तियों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए सतर्क और प्रतिबद्ध रहने की प्रेरणा मिलेगी।

इस अवसर पर प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री चंद्र किशोर प्रसाद, अन्य प्रधान विभागाध्यक्ष और मध्य रेल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए मध्य रेलवे चलाएगा 176 विशेष ट्रेनें

मुंबई / पुणे से गोरखपुर और दानापुर के लिए विशेष ट्रेनें यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए मध्य रेलवे ने मुंबई और पुणे से गोरखपुर तथा दानापुर के बीच 176 विशेष ट्रेनें विशेष शुल्क पर चलाने का निर्णय लिया है। नीचे इन ट्रेनों का विवरण दिया गया हैः 1. सीएसएमटी मुंबई - गोरखपुर - सीएसएमटी दैनिक विशेष (44 सेवाएं) गाड़ी संख्या 01079 विशेष सीएसएमटी मुंबई से प्रतिदिन 22:30 बजे प्रस्थान करेगी। सेवा अवधिः 10 मार्च 2026 से 31 मार्च 2026 गोरखपुर पहुंचने का समयः तीसरे दिन सुबह 10:00 बजे (कुल 22 सेवाएं) गाड़ी संख्या 01080 विशेष गोरखपुर से प्रतिदिन 14:30 बजे प्रस्थान करेगी। सेवा अवधिः 12 मार्च 2026 से 2 अप्रैल 2026 सीएसएमटी पहुंचने का समयः तीसरे दिन 00:40 बजे (कुल 22 सेवाएं) ठहराव स्टेशनः दादर, ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, मनमाड, जळगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ओरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, बस्ती और खलीलाबाद। कोच संरचनाः 1 एसी द्वितीय श्रेणी, 6 एसी तृतीय श्रेणी, 9 स्लीपर श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन। 2. लोकमान्य तिलक टर्मिनस - दानापुर - लोकमान्य तिलक टर्मिनस दैनिक विशेष (44 सेवाएं) गाड़ी संख्या 01143 विशेष लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रतिदिन 10:30 बजे प्रस्थान करेगी। सेवा अवधिः 10 मार्च 2026 से 31 मार्च 2026 दानापुर पहुंचने का समयः अगले दिन 18:45 बजे

22 सेवाएं) गाड़ी संख्या 01144 विशेष दानापुर से प्रतिदिन 21:30 बजे प्रस्थान करेगी। सेवा अवधिः 11 मार्च 2026 से 1 अप्रैल 2026 लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचने का समयः तीसरे दिन 07:45 बजे (22 सेवाएं) ठहराव स्टेशनः ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा। कोच संरचनाः 1 एसी द्वितीय श्रेणी, 6 एसी तृतीय श्रेणी, 9 स्लीपर श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन। 3. पुणे - गोरखपुर - पुणे दैनिक विशेष (44 सेवाएं) गाड़ी संख्या 01415 विशेष पुणे से प्रतिदिन 06:50 बजे प्रस्थान करेगी। सेवा अवधिः 10 मार्च 2026 से 31 मार्च 2026 गोरखपुर पहुंचने का समयः अगले दिन 16:00 बजे (22 सेवाएं) गाड़ी संख्या 01416 विशेष गोरखपुर से प्रतिदिन 17:30 बजे प्रस्थान करेगी। सेवा अवधिः 11 मार्च 2026 से 1 अप्रैल 2026 पुणे पहुंचने का समयः तीसरे दिन 03:15 बजे (22 सेवाएं) ठहराव स्टेशनः दौंड कॉर्ड केबिन, अहिल्यानगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, रानी कमलापति, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ओरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा और बस्ती। कोच संरचनाः 1 एसी द्वितीय श्रेणी, 5 एसी तृतीय श्रेणी, 6 स्लीपर श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन। 4. पुणे - दानापुर - पुणे दैनिक विशेष (44 सेवाएं) गाड़ी संख्या 01449 विशेष पुणे से प्रतिदिन 15:30 बजे प्रस्थान करेगी। सेवा अवधिः 10 मार्च 2026 से 31 मार्च 2026 दानापुर पहुंचने का समयः तीसरे दिन 02:45 बजे (22 सेवाएं) गाड़ी संख्या 01450 विशेष दानापुर से प्रतिदिन 05:00 बजे प्रस्थान करेगी। सेवा अवधिः 12 मार्च 2026 से 2 अप्रैल 2026 पुणे पहुंचने का समयः अगले दिन 18:15 बजे (22 सेवाएं) ठहराव स्टेशनः दौंड कॉर्ड केबिन, अहिल्यानगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा। कोच संरचनाः 1 एसी द्वितीय श्रेणी, 5 एसी तृतीय श्रेणी, 6 स्लीपर श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान सह गार्ड ब्रेक वैन। आरक्षण की जानकारी इन विशेष ट्रेनों के लिए आरक्षण सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों तथा आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

सामान्य श्रेणी के अनारक्षित डिब्बों के लिए टिकट यूटीएस प्रणाली के माध्यम से सामान्य किराए पर उपलब्ध होंगे। यात्री टिकट बुकिंग के लिए रेलवन अनुप्रयोग भी डाउनलोड कर सकते हैं।

ट्रेनों के ठहराव पर विस्तृत समय की जानकारी के लिए यात्री राष्ट्रीय रेल पूछताछ प्रणाली की वेबसाइट या एनटीईएस अनुप्रयोग का उपयोग कर सकते हैं।

# एलपीजी की किल्लत के बीच यूपी में बड़ा कांड! 18 लाख के सिलेंडर चोरी, हाईवे किनारे खाली मिला ट्रक

झांसी। मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव के बीच पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति को लेकर दुनिया भर में चिंता बढ़ी हुई है। इसी बीच झांसी से रसोई गैस सिलेंडरों से भरे एक ट्रक की चोरी का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है। ट्रक में करीब 524 भरे हुए एलपीजी सिलेंडर लदे थे, जिनकी कीमत लगभग 18 लाख रुपये बताई जा रही है। यह घटना सीपरी बाजार थाना क्षेत्र की है। ट्रक मालिक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ट्रक मालिक नीरज अग्रवाल के मुताबिक उनका ट्रक नंबर यूपी 93 बीटी 3341 भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के करारी स्थित प्लांट से जुड़ा हुआ है। 2 मार्च को प्लांट से 524 एलपीजी सिलेंडर ट्रक में लोड किए गए थे, जिन्हें कानपुर देहात के गजनेर क्षेत्र में भेजा जाना था।



बताया जा रहा है कि होली के त्योहार के चलते ट्रक चालक राजकुमार वाहन को प्लांट के बाहर खड़ा कर अपने घर चला गया था। इसके बाद 6 मार्च को सूचना मिली कि ट्रक बड़ागांव थाना क्षेत्र के पारीछा के पास हाईवे किनारे खाली हालत में खड़ा है। जब ट्रक मालिक मौके पर पहुंचे तो देखा कि ट्रक से सभी गैस सिलेंडर गायब थे और वाहन का जीपीएस भी तोड़ दिया गया था। इसके बाद ट्रक मालिक ने तुरंत सीपरी बाजार थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। थाना प्रभारी जयप्रकाश चौबे के मुताबिक शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने ट्रक को बरामद कर लिया है और चोरी हुए गैस सिलेंडरों की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें लगाई गई हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे मामले की गहन जांच जारी है।

# कड़ी शर्तों के साथ गो-जनजागरण कार्यक्रम को मिली अनुमति शंकराचार्य बोले- क्या हम वहां शोक सभा करने जा रहे हैं

लखनऊ **(एजेंसी)**। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 11 मार्च से प्रस्तावित गो-प्रतिष्ठा जनजागरण अभियान के कार्यक्रम को प्रशासन ने अनुमति दे दी है। कार्यक्रम स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। हालांकि प्रशासन ने कार्यक्रम की अनुमति 26 शर्तों के साथ दी है और साफ किया है कि किसी भी शर्त का उल्लंघन होने पर अनुमति स्वतः निरस्त मानी जाएगी। इसे लेकर कराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि'क्या हम मौन धारण करने के लिए यह आयोजन कर रहे हैं?... जो हमारे मन में पीड़ा है उसे ही तो व्यक्त करने जा रहे हैं।

लखनऊ, उत्तर प्रदेशः जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की लखनऊ में होने वाली 'गौ माता प्रतिष्ठा संकल्प महासभा' के लिए प्रशासन ने कंडीशनल परमिशन दे दी है। यह इवेंट 11 मार्च को कांशीराम स्मृति स्थल पर होगा। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद कहते हैं, 'अहंकार, अहंकार, और क्या वजह है? कन्फ्यूजन पैदा करने के लिए परमिशन रोकी गई थी, ताकि पब्लिक न आए और लोग सोचते रहें कि इवेंट होगा भी या नहीं। आखिर में एक दिन पहले ही परमिशन दी गई। एक ही दिन में कोई रिज़र्वेशन नहीं हो सकता, और दूर-दराज से लोग इतने कम समय में नहीं आ सकते...' सोमवार देर रात प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक के बाद अनुमति दी गई। बैठक में पुलिस अधिकारियों के साथ लखनऊ विकास प्राधिकरण की स्मारक समिति के सदस्य भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन आशियाना क्षेत्र में पासी किला चौराहे के पास स्थित कांशीराम स्मृति सांस्कृतिक स्थल पर प्रस्तावित है।

कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। आशियाना, पीजीआई और कृष्णानगर थाना क्षेत्र की पुलिस को अलर्ट मोड पर रखा गया है। आयोजन स्थल पर भी भारी पुलिस बल तैनात किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार आयोजकों ने तीन दिवसीय कार्यक्रम के लिए स्मारक समिति को लगभग 4.50 लाख रुपये शुल्क भी जमा कराया है। वाहनों की संख्या सीमित रखी जाएगी।

# गूगल मैप ने दिखाया मौत का रास्ता! बदायूं पुल हादसे में 3 इंजीनियरों को मिली राहत, एक पर चलेगा केस

लखनऊ **(एजेंसी)**। प्रदेश के बदायूं-बरेली बॉर्डर पर रामगंगा नदी के अधूरे पुल से कार गिरने के चर्चित मामले में पुलिस जांच की बड़ी रिपोर्ट सामने आई है। 24 नवंबर 2024 को हुए इस दिल दहला देने वाले हादसे में, जिसमें 3 युवकों की जान चली गई थी, पुलिस ने अब लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के 3 इंजीनियरों को निर्दोष पाया है। वहीं, एक अन्य अभियंता के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी कर ली गई है।

यह घटना दातागंज क्षेत्र में रामगंगा नदी पर बने एक अधूरे पुल पर हुई थी। मैनपुरी और फर्रुखाबाद के रहने वाले तीन दोस्त अमित, विवेक और अजीत एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। रास्ता ढूंढने के लिए वे गूगल मैप का सहारा ले रहे थे। मैप ने उन्हें उस अधूरे पुल पर भेज दिया, जिसका एक हिस्सा गायब था। पुल पर न तो कोई मजबूत बैरियर था और न ही कोई चेतावनी बोर्ड। अंधेरे और रफ्तार के कारण कार सीधे पुल से नीचे नदी में जा गिरी। इस भीषण हादसे में तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

हादसे के बाद प्रशासन ने घोर लापरवाही मानते हुए पीडब्ल्यूडी के चार अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस की गहन जांच के बाद अब स्थिति साफ हुई है। जांच में सहायक अभियंता अभिषेक कुमार और जूनियर इंजीनियर अजय गंगवार व महाराज सिंह की सीधी लापरवाही स्पष्ट नहीं पाई गई, जिसके बाद उन्हें इस मामले से मुक्त कर दिया गया है। सहायक अभियंता मो. आरिफ की जिम्मेदारी तय की गई है।

## गुजरात टाइटन्स के नए बैटिंग कोच बने मैथ्यू हेडन, बोले- 'हम खेल पर दबदबा बनाएंगे'

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। गुजरात टाइटन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। दो बार के वनडे विश्व कप विजेता और अपने जमाने के सबसे प्रभावशाली सलामी बल्लेबाजों में से एक हेडन का अंतरराष्ट्रीय करियर शानदार रहा है। उन्हें टी20 में बल्लेबाजी का व्यापक अनुभव है और वह इसकी बारीकियों को समझते हैं। हेडन



ने सभी प्रारूपों में 273 अंतरराष्ट्रीय मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उन्होंने 15, 000 से अधिक रन बनाए और आईसीसी के कई टूर्नामेंट में जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा, "मैथ्यू की नियुक्ति हमारे सफर के महत्वपूर्ण मोड़ पर की गई है। शीर्ष स्तर पर उनका अनुभव और उभरती प्रतिभाओं को मार्गदर्शन देने की उनकी क्षमता आगामी सत्र में हमारे लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।" हेडन ने कहा, "अच्छी बल्लेबाजी दबाव बनाती है।

शानदार बल्लेबाजी खेल पर अपना दबदबा बनाती है। गुजरात टाइटन्स में हम यही मानक स्थापित करना चाहते हैं।" हेडन ने आईपीएल में भी 32 मैच खेले हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के अपने पूर्व साथी मैथ्यू वेड की जगह लेंगे जो पिछले सत्र में गुजरात टाइटंस के सहायक कोच थे।

## 'खेल का कोई धर्म नहीं', विश्व कप ट्रॉफी मंदिर ले जाने पर भड़के कीर्ति आजाद, कहा- शर्म आती है

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। तृणमूल कांग्रेस के सांसद और 1983 क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम के सदस्य कीर्ति आजाद ने कप्तान सूर्यकुमार यादव, मुख्य कोच गौतम गंभीर और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह के भारतीय टीम नेतृत्व समूह द्वारा तीसरी बार खिताब जीतने के बाद ट्रॉफी को स्टेडियम के पास स्थित हनुमान मंदिर ले जाने के कदम की कड़ी आलोचना की। रविवार को के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड पर 96 रनों की शानदार जीत के बाद भारतीय टीम ने रिकॉर्ड तोड़ तीसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया और घरेलू मैदान पर खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बन गई।

जीत के बाद सूर्यकुमार यादव, गंभीर और जय शाह भगवान का आशीर्वाद लेने स्टेडियम के पास स्थित हनुमान मंदिर गए और ट्रॉफी भी साथ ले गए। मीडिया से बात करते हुए कीर्ति ने इस कदम पर सवाल उठाते हुए कहा कि खिलाड़ी या खेल किसी धर्म या जाति से संबंधित नहीं होते। उन्होंने कहा कि जब सभी धर्मों के लोगों से बनी टीम इंडिया ने जीत हासिल की तो 140 करोड़ लोग रोमांचित हो गए। खिलाड़ी या खेल किसी धर्म या जाति से संबंधित नहीं होते, बल्कि सिर्फ खेल से संबंधित होते हैं। एक खिलाड़ी के तौर पर मैं कहती हूं कि टीम इंडिया ने भारत को विजयी बनाया। टीम इंडिया जीती, और यह भारत के लोगों के लिए गर्व की बात है।

इससे पहले एक्स पर कीर्ति ने लिखा था कि टीम इंडिया पर शर्म आती है! जब हमने 1983 में कपिल देव की कप्तानी में विश्व कप जीता था, तब हमारी टीम में हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई खिलाड़ी थे। हम ट्रॉफी को अपनी धार्मिक जन्मभूमि, अपनी मातृभूमि भारत (हिंदुस्तान) में लाए थे। भारतीय क्रिकेट ट्रॉफी को क्यों घसीटा जा रहा है? मस्जिद क्यों नहीं? चर्च क्यों नहीं? गुरुद्वारा क्यों नहीं? यह टीम भारत का प्रतिनिधित्व करती है - सूर्यकुमार यादव या जय शाह के परिवार का नहीं! सिराज कभी इसे मस्जिद में नहीं ले गए। संजू कभी इसे चर्च में नहीं ले गए। संजू ने टूर्नामेंट में अहम भूमिका निभाई थी और उन्हें मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था। यह ट्रॉफी हर धर्म के 14 लाख भारतीयों की है



- किसी एक धर्म की जीत का जश्न मनाने की जगह नहीं!

मैच की बात करें तो, न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। हालांकि, अभिषेक शर्मा (21 गेंदों में 52 रन, छह चौके और तीन छक्के सहित) की शानदार वापसी और रिकॉर्ड तोड़ अर्धशतकीय पारी तथा सैमसन के साथ उनकी 98 रन की साझेदारी ने न्यूजीलैंड को अपने फैसले पर पछतावा करने पर मजबूर कर दिया। बाद में, सैमसन ने ईशान किशन (25 गेंदों में 54 रन, चार चौके और चार छक्के सहित) के साथ शतकीय साझेदारी करते हुए भारत को 16वें ओवर में 200 रन के पार पहुंचाया। कुछ देर धीमी गति के बाद, शिवम दुबे (आठ गेंदों में 26ङ रन, तीन चौके और दो छक्के सहित) ने कुछ महत्वपूर्ण रन बनाकर भारत को 255/5 के स्कोर तक पहुंचाया, जो टी20 विश्व कप फाइनल में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है।

## गंभीर का बयान, आईपीएल 2026 के बाद शुरू होगी 2027 वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा कि आईपीएल 2026 सीजन के आखिर तक भारत के पास वनडे वर्ल्ड कप 2027 की योजना तैयार हो जाएगी। गंभीर का ये बयान उस दिन के बाद आया जब टीम इंडिया ने रविवार को न्यूजीलैंड को हराकर आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब जीत लिया।

सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इंडिया ने एक बेहतरीन अभियान की शुरुआत की, जिसने टूर्नामेंट में महज एक हार के साथ टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। गंभीर ने बताया कि कोचिंग स्टाफ टूर्नामेंट के बाद आराम करेगा और फिर वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी शुरू करेगा।

वहीं गंभीर ने बताया कि साउथ अफ्रीका, नामीबिया और जिम्बाब्वे में आयोजित होने वाले वर्ल्ड कप में कई उछाल भरी पिचें देखने को मिल सकती हैं। इसलिए टीम मैनजमेंट इन परिस्थितियों में अच्छा परफॉर्मेंस करने वाले खिलाड़ियों की पहचान करने और आईपीएल 2026 सीजन के अंत तक अपनी योजना और रणनीति को अंतिम रूप देने का काम करेगा। गंभीर ने आगे कहा कि, साउथ अफ्रीका क्रिकेट खेलने के लिए आसान जगह नहीं है। हमें टीम कॉम्बिनेशन पर काम करना होगा। उन खिलाड़ियों को चुनना होगा जो वहां की परिस्थितियों से परिचित हों। चयनकर्ता और कोच ये काम करेंगे। 2026 आईपीएल खत्म होने के बाद भारत के पास 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए एक ब्लूप्रिंट तैयार होगा।



## टी20 वर्ल्ड कप जीतने पर बीसीसीआई का बड़ा ऐलान, टीम इंडिया पर होगी 131 करोड़ की धनवर्षा

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टी20 विश्व कप 2026 जीतने वाली भारतीय टीम के लिए 131 करोड़ रुपये के भारी भरकम नकद पुरस्कार की घोषणा की। गौरतलब है कि भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराया था। भारतीय टीम टी20 विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनी और साथ ही घरेलू मैदान पर टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम भी बनी। इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए बीसीसीआई ने भारतीय टीम को एक शानदार नकद पुरस्कार की घोषणा की।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करने वाली टीम इंडिया को 131 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि बोर्ड इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खिलाड़ियों, सहायक कर्मचारियों और चयनकर्ताओं को एक बार फिर बधाई देता है और भविष्य में उनकी निरंतर सफलता की कामना करता है। यह उल्लेखनीय है कि टी20 विश्व कप 2026 में भारतीय टीम को मिलने वाली पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बारबाडोस में 2024 में मिली जीत के लिए बीसीसीआई ने भारतीय टीम को 125 करोड़ रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की थी।




इस पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ, भारतीय टीम इतिहास में तीन बार टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम बन गई; टीम ने इस प्रारूप की सबसे प्रभावशाली टीमों में से एक के रूप में इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया।

## अर्शदीप सिंह पर आईसीसी ने लगाया जुर्माना फाइनल में डैरिल मिचेल को गेंद मारने की मिली सजा

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर आईसीसी का हंटर चला है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल मैच में कीवी बल्लेबाज डैरिल मिचेल को गेंद मारी थी जिसके बाद मैदान पर कुछ पल के लिए माहौल गरमा गया था।


अब अर्शदीप सिंह को उनकी उस हरकत के कारण आईसीसी की तरफ से जुर्माना भुगतना पड़ रहा है। आईसीसी ने अर्शदीप पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। बता दें कि, अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 8 मार्च को टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में टीम इंडिया ने बेहतरीन जीत दर्ज करते हुए खिताब अपने नाम किया।

दरअसल, अर्शदीप सिंह को आईसीसी के खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के लिए कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.9 को तोड़ने का दोषी पाया गया, जो अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी या उसके पास और या खतरनाक तरीके से गेंद फेंकने से जुड़ा है। जुर्माना के अलावा अर्शदीप के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये पिछले 24 महीनों में उनका येपहला अपराध रहा।



## वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्री के दूसरे सीजन का आगाज, दिग्गज खिलाड़ियों पर होगी नजर

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। देश की राजधानी नई दिल्ली में 11 से 13 मार्च 2026 तक वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्री का दूसरा सीजन आयोजित होने जा रहा है। जिसमें भारत, रूस, नेपाल, भूटान, हांगकांग, सर्बिया, बोस्निया और मिस्र समेत आठ देशों के 250 से ज्यादा एथलीट हिस्सा लेंगे। इस बार भारत अपनी अब तक की सबसे बड़ी पैरा-एथलेटिक्स टीम उतारने जा रहा है। करीब 219 एथलीट अलग-अलग ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेंगे। पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया के अनुसार इस आयोजन की मेजबानी मिलना विश्व पैरा खेलों में भारत के बढ़ते कद को दर्शाता है। इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार 74



स्लॉट में बांटा जाएगा। शारीरिक अक्षमता वाले एथलीटों के लिए 39, दृष्टिबाधित एथलीटों के लिए 29 और बौद्धिक अक्षमता वाले एथलीटों के लिए 6 कैटेगरी में स्लॉट हैं। इसके अलावा कई विदेशी दिग्गज भी कड़ी चुनौती पेश करेंगे। सर्बिया के जेल्को दिमित्रिजेविच अपनी श्रेणी (इ15 क्लब थ्रो) के विश्व रिकॉर्ड धारक हैं, जिन्होंने 2012 और 2016 पैरालंपिक में गोल्ड मेडल जीते और सर्बिया के लिए पहले पैरालंपिक गोल्ड मेडल विजेता बने। उन्हीं के देश के नेबोजसा ड्यूरिच ने पेरिस 2024 में शॉट पुट में 11.98 मीटर का थ्रो कर रजत पदक हासिल किया था। मिस्र की फातिमा सुवैद ने 2025 वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 200 मीटर ऊ35 स्पर्धा में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ सिल्वर मेडल जीता था।


**पश्चिम रेलवे**
**वडोदरा मंडल**

**सिग्नलिंग कार्य सहित इनडोर और आउटडोर कार्य**

**निविदा सूचना संख्या: S&T/BRC/25-26/45/SIG दिनांक: 06-03-2026** भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता/वडोदरा, निविदा संख्या SandT_BRC_25-26_45_SIG के अंतर्गत ई-निविदाएँ आमंत्रित करते हैं। निविदाकर्ता अपनी मूल/संशोधित निविदाएँ केवल निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा प्राप्त होने पर ऐसे मैनुअल ऑफर को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। **1. कार्य का नाम एवं स्थान:** (1) निविदा अनुसूची एवं शर्तों के अनुसार अंकलेश्वर स्टेशन पर डीसी ट्रैक सर्किट के समानांतर DAC प्रदान कर ट्रैक सर्किट की विश्वसनीयता सुधारने के कार्य के संबंध में सिग्नलिंग कार्य (इंडोर एवं आउटडोर कार्य सहित)। (2) वडोदरा मंडल के अंतर्गत डभोई–अलीराजपुर खंड के लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 70 एवं 88 (02) के इंटरलॉकिंग कार्य के लिए निविदा दस्तावेज एवं कार्य अनुसूची के अनुसार सिग्नलिंग कार्य (इंडोर एवं आउटडोर कार्य सहित), जो "ATVU 10000 से अधिक वाले लेवल क्रॉसिंग गेट्स के इंटरलॉकिंग से संबंधित सिग्नलिंग कार्य " के अंतर्गत किया जाएगा। (4 नंग) **2. कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 4,68,66,228.08 **3. जमा की जाने वाली धरोहर राशि (Earnest Money):** ₹ 3,84,300.00 **4. ई-निविदा प्रस्तुत करने एवं खोलने की तिथि व समय:** ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय: 31.03.2026 @ 15:00 बजे ई-निविदा खोलने की तिथि व समय: 31.03.2026 @ 15:30 बजे **5. वेबसाइट एवं पूर्ण विवरण देखने का स्थान:** वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता, द्वितीय तल, एनेक्स भवन, डीआरएम कार्यालय, पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा – 390004 **वेबसाइट:** http://www.ireps.gov.in BRC 390

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



## बिकिनी में नताशा ने ढाया कहर, हार्दिक पांड्या की एक्स-वाइफ का बोल्ड अंदाज सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

एक तरफ जहां भारतीय क्रिकेट गलियारों में जीत का जश्न और हार्दिक पंड्या की नई रिलेशनशिप की खबरें सुर्खियों में हैं, वहीं दूसरी तरफ उनकी एक्स-वाइफ नताशा स्टेनकोविक ने दुनिया की परवाह किए बिना सुकून का रास्ता चुना है। नताशा इन दिनों अपने लाडले बेटे अगस्त्य के साथ एक खूबसूरत बीच वेकेशन एन्जॉय कर रही हैं, जिसकी तस्वीरों ने सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है।

नताशा स्टेनकोविक हमेशा से ही अपने बोल्ड फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं, लेकिन इस बार उनके ग्लैमर का ऐसा लुक दिखा कि फैंस नताशा को एक टक देखते रह गए। नताशा का लुक लोगों को बहुत पसंद आ रहा है।

नताशा ने अपनी एक सेल्फी शेयर की है, जिसमें वह येलो बिकिनी पहने नजर आ रही हैं। खुले बाल और बिना किसी मेकअप के भी उनका ग्लो साफ झलक रहा है। समंदर किनारे धूप का आनंद लेते हुए नताशा अपना परफेक्ट टोंड फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। उनके किलर पोज देखकर फैंस कमेंट सेक्शन में उन्हें क्वीन बता रहे हैं।

इस वेकेशन की सबसे खूबसूरत बात है नताशा और अगस्त्य की बॉन्डिंग। नताशा ने केवल अपनी बोल्ड फोटोज ही नहीं, बल्कि बेटे के साथ बिताए क्वालिटी टाइम की झलकियां भी शेयर की हैं। मां और बेटा एक साथ समंदर किनारे सुकून के पल बिता रहें हैं। जो फैंस को बहुत पसंद आ रहा है। समंदर की लहरों के बीच बेटे के साथ खेलते हुए नताशा के चेहरे पर मुस्कान है। नताशा वीडियोज में अगस्त्य के साथ मस्ती करती और हर छोटे-छोटे पल को खुलकर जीते हुए नजर आ रही हैं। फैंस को मां-बेटे का यह खूबसूरत रिश्ता काफी इमोशनल और प्यारा लग रहा है।



बता दें कि कुछ ही समय पहले नताशा ने अपने दोस्तों के साथ अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया था, जहां वह ब्राउन थाई हाई स्लिट ड्रेस में गजब ढा रही थीं। लेकिन अब उनके लेटेस्ट बिकिनी लुक ने फैंस की धड़कनें और तेज कर दी हैं। सोशल मीडिया पर उनकी ये तस्वीरें आग की तरह फैल रही हैं और लोग उनकी फिटनेस की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

हार्दिक पंड्या की लाइफ में चल रही हलचल (टी20 वर्ल्ड कप जीत का जश्न और माहिका संग खबरें) के बीच नताशा का यह अंदाज बताता है कि उन्होंने लाइफ में मूव ऑन कर लिया है। वह अपनी खुशियां अपने बेटे और अपनी पसंद की जगहों में तलाश रही हैं।

## एफडीआई नियमों में बदलाव, चीन समेत पड़ोसी देशों के निवेश को राहत

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। केंद्र सरकार ने विदेशी निवेश से जुड़े नियमों में अहम बदलाव करते हुए पड़ोसी देशों से आने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के नियमों को आसान करने का फैसला लिया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार यह निर्णय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लिया गया। यह बदलाव वर्ष 2020 में जारी किए गए प्रेस नोट-3 में संशोधन के रूप में किया गया है।

प्रेस नोट-3 के तहत भारत की सीमा से सटे देशों से आने वाले निवेश के लिए पहले सरकार की पूर्व अनुमति जरूरी होती थी। नए फैसले के बाद इस प्रक्रिया को आसान किया गया है, जिससे ऐसे देशों के निवेशकों के लिए भारत में निवेश करना अपेक्षाकृत सरल हो जाएगा। भारत की सीमा चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान से लगती है, इसलिए इन देशों के निवेश पर यह नियम लागू होता है।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक चीन से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का हिस्सा अभी भी काफी सीमित है। अप्रैल 2000 से दिसंबर 2025 के बीच भारत में आए कुल एफडीआई में चीन की हिस्सेदारी लगभग 0.32 प्रतिशत रही, जो करीब 2.5 अरब डॉलर के आसपास है। भारत और चीन के रिश्तों में जून 2020 में गलवान घाटी में हुई सैन्य झड़प के बाद तनाव बढ़ गया था।


**पश्चिम रेलवे**

**कटिंग / ट्रिमिंग कार्य**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सब), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400008 द्वारा ई-निविदा सूचना क्रमांक : WR MMCTOESUB(ESOT)/1/2026 आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** चर्चगेट-विरार सेक्शन में ओ.एच.ई. के पास पेड़ों की शाखाओं की कटाई / ट्रिमिंग का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** 10,60,605/- **निविदा सुरक्षा राशि :** 21,200/- **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय :** निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार 24.03.2026 को 15:00 बजे तक। **निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** 24.03.2026 को 15:30 बजे। **वेबसाइट विवरण :** निविदा को वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से देखा और जमा किया जा सकता है। 1200

हमें फॉलो करें facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**सोलापुर मण्डल**

**विद्युत कार्य**


भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि), मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा क्रं : सोला/क.वि./नि/2025/29R2. कार्य का नाम :** सोलापुर मंडल के अनवायर्ड पिट लाइन-साइडिंग का विद्युतीकरण का कार्य। (पुनर्निविदा) **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 1,53,83,701.79। **बयाना राशि :** ₹ 2,26,900/-। **कार्य पुरा करने की अवधि :** 12 माह। **निविदा प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि और समय :** दि. 03.04.2026 को 15.00 बजे। EXP-08

टिकट के लिए RailOne App डाउनलोड करे


## शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 648 अंक उछल कर 78, 214 पर कर रहा कारोबार

मुंबई। पश्चिम एशिया में तनाव जल्द खत्म होने की उम्मीद बढ़ने और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में जोरदार उछाल आया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 648.53 अंक चढ़कर 78, 214.69 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह, निफ्टी 220.10 अंक बढ़कर 24, 248.15 अंक पर कारोबार कर रहा था।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 5.18 प्रतिशत गिरकर 93.83 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट को भारत जैसे आयातक देशों के लिए सकारात्मक माना जा रहा है क्योंकि इससे आयात बिल और महंगाई




पर दबाव कम होगा। सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 कंपनियों में से इंटरग्लोब एविएशन, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, अडानी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, इटरनल, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा के शेयर गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुदी आर. ने कहा, 'अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष जल्द समाप्त होने को लेकर जताई गई अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीद ने कच्चे तेल और अमेरिकी डॉलर को नरम किया। इससे वैश्विक बाजारों में जोखिम लेने की धारणा बेहतर हुई है।' शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 6, 345.57 करोड़ रुपए के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 9, 013.80 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि ब्रेंट क्रूड की कीमत सोमवार को लगभग 120 डॉलर तक पहुंच गई थी लेकिन मंगलवार सुबह यह तेजी से गिरकर करीब 89 डॉलर पर आ गई। एक ही दिन में करीब 30 डॉलर का यह उतार-चढ़ाव पश्चिम एशिया के संघर्ष को लेकर वैश्विक तेल आपूर्ति पर अनिश्चितता को दर्शाता है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी सूचकांक करीब पांच प्रतिशत उछला, जबकि जापान का निक्की सूचकांक 2.5 प्रतिशत चढ़ गया। चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग भी बढ़त में कारोबार कर रहे थे। सोमवार को सेंसेक्स 1, 352.74 अंक यानी 1.71 प्रतिशत टूटकर 77, 566.16 पर बंद हुआ था। इसी तरह निफ्टी 422.40 अंक यानी 1.73 प्रतिशत गिरकर 24, 028.05 पर बंद हुआ था।

## कंपनियां करेंगी ज्यादा भर्तियां मैनपावर सर्वे में बड़ा खुलासा

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। मजबूत कारोबारी भरोसे और घरेलू मांग के दम पर भारतीय नियोक्ताओं ने इस साल की अप्रैल-जून तिमाही के लिए नियुक्तियों के इरादे में मजबूती दर्ज की है। मंगलवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मैनपावरग्रुप के नवीनतम 'रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण' के अनुसार, साल 2026 की दूसरी तिमाही के लिए 'शुद्ध रोजगार परिदृश्य' (एनईओ) 68 प्रतिशत के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया है। यह पिछली तिमाही से 17 अंक और पिछले साल की समान तिमाही से 24 अंक अधिक है। मैनपावरग्रुप इंडिया के प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा कि ये आंकड़ा दोहरी वास्तविकता पेश करता है। एक तरफ नियुक्तियों का इरादा मजबूत है, वहीं दूसरी तरफ प्रतिभाओं की कमी भी बढ़ रही है। लगभग 82 प्रतिशत संगठनों ने अपनी जरूरत के अनुसार कौशल वाले लोग ढूंढने में कठिनाई की बात कही है। क्षेत्रवार प्रदर्शन में भारत में 'वित्त और बीमा' क्षेत्र 71 प्रतिशत के रोजगार परिदृश्य के साथ सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी बना हुआ है। इसके बाद संख्या के आधार पर वाहन, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं सूचना और प्रौद्योगिकी सेवाओं में सबसे ज्यादा नियुक्तियां होने का अनुमान है।


**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

विभाग : हाइड्रोलिक इंजीनियर विभाग
क्रमांक : ई.ई.(एम.) एम.डब्ल्यू./ 8762/मेंट. दिनांक : 10/03/2026

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त द्वारा पात्र निविदादाताओं से निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रारंभ होने की तिथि और समय तथा निविदा समाप्त होने की तिथि और समय का विवरण बी.एम.सी. की वेबसाइट के निविदा अनुभाग तथा महाटेंडर पोर्टल पर उपलब्ध विस्तृत निविदा सूचना में दिया गया है।


| अ.क्र. | निविदा संख्या | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1. | 2026_MCGM_1283316 | ए.ई. (मेंटेनेंस) डब्ल्यू.डब्ल्यू. सिटी अनुभाग के अंतर्गत आपातकालीन रखरखाव कार्यों को पूरा करने हेतु विभिन्न आकार के सटीक रूप से निर्मित एम.एस. विशेष सामग्री की आपूर्ति। (निविदा जारी करने एवं विक्रय की तिथि : 11.03.2026) |

इच्छुक निविदादाता निविदा से संबंधित अधिक जानकारी के लिए बी.एम.सी. की वेबसाइट http://portal.mcgm.gov.in तथा महाटेंडर पोर्टल की वेबसाइट http://mahatenders.gov.in पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

पीआरओ/3239/विज्ञा./2025-26

**ई.ई. (मेंटेनेंस), एम.डब्ल्यू.**

भोजन से पूर्व एवं शौच के बाद साबुन से हाथ स्वच्छ धोएं।



# लोकसभा में विपक्ष पर भड़के केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज, बोले- ऐसी राजनीति पर शर्म आती है

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष द्वारा की गई नारेबाजी की कड़ी आलोचना की। चौहान जब केंद्र सरकार की किसान योजनाओं से संबंधित प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे, तब विपक्षी सांसदों ने चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी जारी रखी। इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने कथित वोट चोरी का विरोध किया। विपक्ष पर निशाना साधते हुए शिवराज चौहान ने कहा कि कई ऐसे मुद्दे हैं जो किसानों से संबंधित हैं। किसान और देश सुनना चाहते हैं, लेकिन वे (विपक्ष) नहीं चाहते कि देश सुने। विपक्ष की ऐसी राजनीति शर्मनाक है।

तेल बीज मिशन और झारखंड में कृषि सहायता से संबंधित एक प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि फलों और सब्जियों के उत्पादन के लिए हमने एमआईडीएच योजना शुरू की है और झारखंड सरकार को बागवानी के लिए भी सहायता मिल रही है। हम पॉली हाउस, ग्रीनहाउस और सिंचाई के लिए भी सहायता प्रदान करते हैं। इसी बीच, कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। 50 से अधिक सांसदों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जिसके बाद अध्यक्ष पद पर आसीन भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने कांग्रेस सांसद को अवकाश दे दिया।



जगदंबिका पाल ने कहा कि बहस के लिए 10 घंटे का समय आवंटित किया गया है और सांसदों से प्रस्ताव पर कायम रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के प्रस्ताव के लिए अध्यक्ष ने अनुमति और प्रक्रिया में उदारता दिखाई है। प्रस्ताव पर मतदान से पहले, एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा में उपसभापति की नियुक्ति पर बहस छेड़ दी। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार ने पिछले कई वर्षों से उपसभापति की नियुक्ति नहीं की है, जिससे संवैधानिक शून्य पैदा हो गया है। जगदंबिका पाल के अधिकार पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि आपकी नियुक्ति लोकसभा अध्यक्ष ने की थी। उन्होंने आगे कहा कि सदन को एक ऐसे व्यक्ति का चुनाव करना चाहिए जो प्रस्ताव पर बहस के दौरान कार्यवाही की अध्यक्षता करेगा।

## प्रियंका चतुर्वेदी का मोदी सरकार पर हमला बोलीं- बड़ी बातें बहुत हुईं, आम आदमी परेशान है

मुम्बई। शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने मंगलवार को व्यावसायिक सिलेंडरों की कथित कमी को लेकर केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की और कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें करती है, जबकि आम लोग लगातार कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। भारत सरकार ने पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों तथा प्राकृतिक गैस की उपलब्धता, आपूर्ति और समान वितरण को विनियमित करने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 लागू किया।

यह निर्णय हाल ही में हुए भू-राजनीतिक व्यवधानों के बाद लिया गया, जिससे वैश्विक ईंधन आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई थी। चतुर्वेदी ने सरकार की आलोचना करते हुए गैस की कीमतों में हाल ही में हुई वृद्धि की ओर भी इशारा किया। उन्होंने एएनआई को बताया कि संसद के प्रश्नकाल के दौरान हमसे झूठ बोला गया। हमें बताया गया था कि हमारे पास पर्याप्त भंडार है। आज की स्थिति दर्शाती है कि यह सरकार ईश्वर की कृपा से चल रही है। ये लोग सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें करते हैं जबकि आम जनता को ही परेशानी झेलनी पड़ रही है। एक हफ्ते के भीतर ही आपने पेट्रोल की कीमतें बढ़ा दीं, जबकि आपने कहा था कि हम नागरिकों पर बोझ नहीं डालेंगे, लेकिन आपने सबसे पहले वही किया। संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर संसदीय चर्चा न कराने के लिए सरकार की कड़ी आलोचना की। तिवारी ने कहा कि हमने कल स्थगन प्रस्ताव पेश किया था क्योंकि पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध का भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। सरकार ने एलपीजी सिलेंडरों की कीमतें बढ़ा दी हैं और बेंगलुरु, मुंबई और अन्य जगहों पर खाना पकाने की गैस की कमी है।




# राज्यसभा जाने से पहले आरजेडी पर नीतीश कुमार का बड़ा हमला, पूछा - महिलाओं के लिए क्या किया?

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में विकास कार्य निरंतर प्रगति कर रहा है और उन्होंने दावा किया कि बिहार देश के प्रगतिशील राज्यों में से एक बनने की ओर अग्रसर है। मधेपुरा जिले में समृद्धि यात्रा के दौरान सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार द्वारा शुरू की गई विकास पहलों पर प्रकाश डाला। कुमार ने कहा कि आज जिले में विकास हो रहा है। बिहार को केंद्र सरकार से भी पूरा सहयोग मिल रहा है। अब बिहार हर तरह से प्रगति करेगा और देश के प्रगतिशील राज्यों में शामिल होगा।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) पर निशाना साधते हुए पार्टी की कल्याणकारी पहलों, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के लिए बनाई गई पहलों के रिकॉर्ड पर सवाल उठाए। कुमार ने पूछा कि क्या उन्होंने (आरजेडी) कभी महिलाओं या बच्चों के लिए कुछ किया है? हमने तो सबके लिए काम किया है। यह ऐसे समय में सामने आया है जब नीतीश कुमार ने इस सप्ताह की शुरुआत में आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए अपना नामांकन दाखिल किया, जिससे राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में उनके लंबे कार्यकाल के अंत का संकेत मिला।

इसी बीच, बिहार के मुख्यमंत्री के बेटे निशांत कुमार ने रविवार को औपचारिक रूप से जेडीयू में शामिल होकर बिहार की राजनीति में एक अभूतपूर्व बदलाव ला दिया। पार्टी में शामिल होने के बाद, कुमार ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और अपने पिता नीतीश कुमार की 20 वर्षों तक राज्य की सेवा करने के लिए जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मैं सभी का धन्यवाद करता हूं। मैं आप सभी के मुझ पर रखे गए भरोसे पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। मुझे, पूरे बिहार और पूरे देश को गर्व है कि मेरे पिता ने पिछले 20 वर्षों में क्या किया है।

इससे पहले सोमवार को, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कटाक्ष करते हुए, जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) के प्रमुख तेज प्रताप यादव ने कहा कि वे शायद खुद ही पद से हटना चाहते हैं, इसीलिए वे पार्टी छोड़ रहे हैं। यह टिप्पणी कुमार द्वारा इस सप्ताह की शुरुआत में आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए अपना नामांकन दाखिल करने के बाद आई है, जो राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में उनके लंबे कार्यकाल के अंत का संकेत है।




# सहारा को बड़ा झटका! सैट ने 14, 000 करोड़ लौटाने का आदेश बरकरार रखा

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। सिक्योरिटीज अपीलेट ट्रिब्यूनल (सैट) ने सहारा समूह से जुड़े एक पुराने मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। ट्रिब्यूनल ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें सहारा की कंपनी को निवेशकों से जुटाए गए करीब 14, 000 करोड़ रुपए लौटाने के लिए कहा गया था।यह मामला ऑप्शनली फुली कन्वर्टिबल डिबेंचर के जरिए जुटाए गए फंड से जुड़ा है। सहारा समूह ने 1998 से 2008 के बीच इस योजना के तहत बड़ी संख्या में निवेशकों से पैसा जुटाया था। सेबी का कहना है कि इतने बड़े स्तर पर लोगों से पैसा जुटाना पब्लिक इश्यू के दायरे में आता है, जिसके लिए नियामक की मंजूरी और नियमों का पालन जरूरी होता है। सेबी के अनुसार अगर 50 या उससे अधिक लोगों से निवेश लिया जाता है तो उसे सार्वजनिक निवेश माना जाता है और इसके लिए आईपीओ प्रक्रिया अपनानी होती है





लेकिन सहारा ने बिना सेबी की मंजूरी के करीब 1.98 करोड़ निवेशकों से पैसा जुटाया, जो नियमों का उल्लंघन है। सहारा का तर्क है कि यह पैसा प्राइवेट प्लेसमेंट के जरिए कुछ चुनिंदा निवेशकों से लिया गया था। कंपनी का दावा है कि उसने लगभग पूरी रकम निवेशकों को लौटा दी है और करीब 17 करोड़ रुपए ही बाकी हैं। सहारा के अनुसार उसने लगभग 8, 157 करोड़ रुपए नकद लौटाए और करीब 4, 400 करोड़ रुपए के शेयर जारी करके निवेशकों को भुगतान किया।

हालांकि सेबी ने इन दावों पर सवाल उठाए हैं। नियामक का कहना है कि इतने बड़े स्तर पर नकद भुगतान के पुख्ता सबूत नहीं हैं और शेयर में भुगतान की प्रक्रिया भी संदिग्ध लगती है। सेबी ने यह भी कहा कि सहारा ने निवेशकों की पूरी सूची भी उपलब्ध नहीं कराई है, जिससे भुगतान के दावों की पुष्टि करना मुश्किल है।

# रिहाना के घर पर अंधाधुंध फायरिंग के बार सिंगर ने रातों-रात छोड़ दिया आशियाना

## हमलावर महिला को लेकर हुआ सबसे बड़ा खुलासा

जब पूरी दुनिया महिला दिवस मना रही थी, पॉप क्वीन रिहाना के आशियाने पर मौत का साया मंडरा रहा था। बेवर्ली हिल्स स्थित उनके बंगले पर हुई अंधाधुंध फायरिंग ने न केवल सिंगर को सदमे में डाल दिया है, बल्कि हॉलीवुड की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। इस हमले के बाद रिहाना ने अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए लोहे की दीवार खड़ी कर दी है। आइए जानते हैं उस खौफनाक रात की पूरी कहानी और हमलावर महिला के बारे में।



फायरिंग की घटना के बाद रिहाना एक पल के लिए भी रिस्क नहीं लेना चाहतीं हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिहाना ने अपनी प्राइवेट सिक्योरिटी को दोगुना कर दिया है। अब उनके घर के चारों ओर हथियारों से लैस गार्ड्स तैनात हैं। सिंगर अपनी सुरक्षा को लेकर इतनी फिक्रमंद हैं कि उन्होंने अपने आने वाले कई प्रोजेक्ट्स और एक हाई-प्रोफाइल फोटोशूट को टाल दिया है। फिलहाल उनका पूरा ध्यान अपने पार्टनर रैपर रॉकी और अपने तीन नन्हे बच्चों की सुरक्षा पर है।

पुलिस की गिरफ्त में आई 30 वर्षीय इवान्ना ऑर्टिज को लेकर चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। जांच में पता चला है कि यह हमला कोई अचानक हुई घटना नहीं थी, बल्कि इवान्ना लंबे समय से रिहाना को निशाना बनाने की फिराक में थी। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, फायरिंग से कुछ दिन पहले इवान्ना ने फेसबुक पर रिहाना के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक और गाली-गलौज वाली पोस्ट लिखी थी। वहीं उसने अपनी एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा था 'क्या तुम वहां हो? मैं इंतजार कर रही हूं। हिम्मत है तो मुझसे सीधे बात करो, पीठ पीछे चुपके से कुछ कहना बंद करो।' इवान्ना की सोशल मीडिया एक्टिविटी से साफ जाहिर होता है कि वह रिहाना के प्रति बहुत नफरत से भरी हुई थी।

घटना के वक्त रिहाना अपने परिवार के साथ घर के अंदर ही मौजूद थीं। इवान्ना ने रिहाना के गेट पर एक के बाद एक 10 गोलियां बरसाईं। गोलियों की आवाज से पूरा इलाका दहल उठा। किस्मत अच्छी थी कि गोलियां घर के बाहरी गेट पर लगीं और अंदर मौजूद किसी भी सदस्य को आंच नहीं आई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इवान्ना को धर दबोचा, लेकिन इस घटना ने रिहाना के मन में गहरी दहशत पैदा कर दी है।

# आईएएफ स्ट्राइक का 10 महीने बाद भी दिखा असर, पाकिस्तान को जमींदोज करना पड़ा मुरीद एयरबेस का कमांड सेंटर

इस्लामाबाद। सैटेलाइट इमेज से पता चलता है कि चकवाल के पास स्थित पाकिस्तान वायु सेना के प्रमुख मुरीद एयरबेस पर स्थित एक महत्वपूर्ण कमान एवं नियंत्रण केंद्र की मरम्मत और पुनर्निर्माण के प्रयास विफल रहे हैं। एनडीटीवी द्वारा प्राप्त वैंटोर की 28 फरवरी की एक तस्वीर से संकेत मिलता है कि मुरीद एयरबेस पर मरम्मत कार्य असफल रहा है। इमारत का केंद्रीय भाग, जिस पर हमला हुआ था और जिसे बाद में तिरपाल से ढक दिया गया था, अब अनियमित गुलाबी-लाल मलबे और खुली जमीन के रूप में दिखाई देता है, जो सफल पुनर्निर्माण के बजाय विध्वंस या ढहने का संकेत देता है। मई 2025 के हमले का दीर्घकालिक प्रभाव लगभग दस महीने बाद भी स्पष्ट है। सैटेलाइट इमेज विश्लेषक डेमियन साइमन कहते हैं, हालिया तस्वीरों से अब पुष्टि होती है कि संरचना पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है।

उन्होंने आगे कहा कि इस घटनाक्रम से संकेत मिलता है कि हमले का असर संभवतः छत से कहीं आगे बढ़कर इमारत की आंतरिक संरचना के गहरे हिस्सों तक फैला था। सुविधा को ध्वस्त करने का निर्णय इस बात का पुख्ता संकेत देता है कि हवाई हमले ने इमारत के भीतर (लगभग 3530 मीटर) महत्वपूर्ण संरचनात्मक क्षति पहुंचाई, जिसके परिणामस्वरूप अंततः यह स्थल असुरक्षित और मरम्मत के लिए अनुपयुक्त हो गया। 10 मई, 2025 को सुबह 2 बजे से 5 बजे के बीच भारतीय वायु सेना द्वारा जिन दस पाकिस्तानी हवाई अड्डों पर हमला किया गया था, उनमें मुरीद भी शामिल था। यह हमला पाकिस्तान द्वारा युद्धविराम की मेज पर आकर शत्रुता समाप्त करने की पेशकश करने से कुछ घंटे पहले हुआ था। इस रिपोर्ट में वर्णित सुविधा को इस अड्डे के भीतर स्थित एक परिसर से संचालित होने वाले मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) के लिए कमांड-एंड-कंट्रोल नोड के रूप में कार्य करने वाला माना जाता है। भारतीय वायु सेना ने इसी अड्डे पर स्थित एक भूमिगत सुविधा पर भी हमला किया।




एनडीटीवी की एक रिपोर्ट में इससे पहले इस भूमिगत सुविधा के दो प्रवेश द्वारों में से एक से महज 30 मीटर की दूरी पर 3 मीटर चौड़ा गोलाबारी का गड्ढा पाया गया था। साइमन ने कहा कि भारत द्वारा मई 2025 में किए गए हवाई हमले के बाद प्राप्त उपग्रह चित्रों में इस इमारत की छत को नुकसान पहुंचा हुआ दिखाया गया, जिसे बाद में क्षति आकलन कार्य के दौरान तिरपाल से ढक दिया गया था। दिसंबर 2025 के बाद के चित्रों से पता चला कि पूरी इमारत को तिरपाल और निर्माण जाल से ढक दिया गया था, जिससे संकेत मिलता है कि मरम्मत कार्य शुरू हो गया था।

## अमेरिका की ईरान को आखिरी चेतावनी, रक्षा सचिव बोले- आज होगा सबसे भीषण हमला

वाशिंगटन। अमेरिका ने मंगलवार को ईरान के खिलाफ नई चेतावनी जारी की। प्रेस को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका मंगलवार को ईरान पर सबसे भीषण हमले करेगा। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, हेगसेथ ने कहा कि आज एक बार फिर ईरान के अंदर हमारे सबसे भीषण हमले होंगे। सबसे ज्यादा लड़ाकू विमान, सबसे ज्यादा बमवर्षक विमान, सबसे ज्यादा हमले। खुफिया जानकारी पहले से कहीं ज्यादा सटीक और बेहतर है। पत्रकारों से बात करते हुए रक्षा सचिव ने ईरान की सैन्य क्षमताओं को कमजोर करने में अमेरिकी सशस्त्र बलों की सफलता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले 24 घंटों में ईरान ने सबसे कम मिसाइलें दागी हैं, क्योंकि अमेरिकी सेना देश को कमजोर करने में सफल रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शब्दों को दोहराते हुए हेगसेठ ने कहा कि अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध में निर्णायक जीत के कगार पर है और ट्रम्प द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। हेगसेथ ने अपनी प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा तकनीकी कौशल और सैन्य शक्ति के जबरदस्त प्रदर्शन से हम दुश्मन को कुचल रहे हैं।

जब तक दुश्मन पूरी तरह से और निर्णायक रूप से पराजित नहीं हो जाता, हम पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिकी सेनाएं लक्ष्यों पर पूरी तरह से केंद्रित हैं। हेगसेथ ने कहा कि अमेरिकी सेना ने इस युद्ध में ईरान को हाशिये पर धकेल दिया है, जिसके परिणामस्वरूप ईरानी अधिकारी हताश हो गए हैं और निर्दोष लोगों की जान को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने ईरान पर अस्पतालों और स्कूलों का इस्तेमाल मिसाइल दागने और नागरिकों को निशाना बनाने के लिए करने का आरोप लगाया।

## इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने 'पर्सनल रीजन' दिया इस्तीफा, क्या फ्लाइट क्राइसिस बनी असली वजह?

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड द्वारा संचालित देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने मंगलवार को घोषणा की कि उसके सीईओ पीटर एल्बर्स ने इस्तीफा दे दिया है। यह कदम दिसंबर में एयरलाइन के अब तक के सबसे भीषण उड़ान संकट के बाद उठाया गया है। प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया ने अंतरिम आधार पर एयरलाइन का प्रबंधन संभाल लिया है। एल्बर्स ने एयरलाइन के सह-संस्थापक भाटिया को लिखे अपने इस्तीफे पत्र में कहा कि हमारी बातचीत के अनुसार, व्यक्तिगत कारणों से, मैं आज से इंडिगो के सीईओ पद से अपना इस्तीफा दे रहा हूँ। कृपया नोटिस अवधि माफ कर दें।

उन्होंने कहा कि सितंबर 2022 से पिछले कुछ वर्षों में इंडिगो के सीईओ के रूप में सेवा करना मेरे लिए सम्मान और सौभाग्य की बात रही है। इंडिगो परिवार का हिस्सा बनना, इसकी शानदार विकास गाथा और इस दिशा में हमने मिलकर जो कदम उठाए हैं, वे मेरे लिए बेहद खुशी की बात हैं। सितंबर 2022 में एल्बर्स के कार्यभार संभालने के बाद से तीन साल से कुछ अधिक समय में ही इंडिगो ने 10 अरब डॉलर के राजस्व का आंकड़ा पार कर लिया है, अपने बेड़े को 440 से अधिक विमानों तक विस्तारित किया है और एयरबस ए320 परिवार के 500 विमानों का ऐतिहासिक ऑर्डर दिया है।

लेकिन अपनी सफलताओं के बावजूद, एल्बर्स का कार्यकाल दिसंबर 2025 में एक बड़े परिचालन संकट से दागदार हो गया। यह उड़ान संकट इंडिगो द्वारा पायलटों की थकान को रोकने के लिए बनाए गए नए नियमों को लागू करने में हुई विफलता के कारण उत्पन्न हुआ। 3 से 5 दिसंबर के बीच, इंडिगो ने 2, 500 से अधिक उड़ानें रद्द कीं और लगभग 1, 900 उड़ानों में देरी की, जिससे 3 लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए।

# ईरान में तख्तापलट की आहट? रजा पहलवी की सेना से अपील- 'जनता के साथ खड़े हों'

तेहरान। ईरान के निर्वासित युवराज रजा पहलवी ने 'शेर और सूर्य क्रांति' कहे जाने वाले आंदोलन में शामिल स्वतंत्रता-प्रेमी ईरानियों के साहस की प्रशंसा करते हुए उनके कार्यों को वीरता की पराकाष्ठा बताया है। शेर और सूर्य क्रांति (2025-2026) एक विरोध आंदोलन है, जिसे मुख्य रूप से ईरानी प्रवासी चला रहे हैं। यह आंदोलन 1979 से पहले के देश के ध्वज को वर्तमान इस्लामी गणराज्य के विरोध के प्रतीक के रूप में अपनाता है। सीबीएस न्यूज़ के '60 मिनट्स' कार्यक्रम में एक साक्षात्कार में युवराज ने एक विशेष घटना का जिक्र किया जो उनके लिए इस आंदोलन का एक सशक्त प्रतीक बन गई है। पहलवी ने कहा कि यह वीरता की पराकाष्ठा है। एक दमकलकर्मी सड़क पर गोली लगने से घायल हुए एक व्यक्ति को ले जा रहा था, और उन्होंने उसे भी मार डाला। वह दृश्य मेरे लिए एक प्रतीक है। ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब निर्वासित नेता विदेश से ईरान में चल रही स्थिति पर नजर रख रहे हैं, जहां उन्होंने क्षेत्र में हालिया तनाव बढ़ने के बाद धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र में परिवर्तन की वकालत की है। ईरान की विशेषज्ञ सभा द्वारा नए सर्वोच्च नेता की नियुक्ति के बाद, पहलवी ने सोमवार को इस्लामी



गणराज्य की सेना से हथियार डालने और मौजूदा शासन के खिलाफ ईरानी जनता का साथ देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जो लोग अब जनता के साथ खड़े होंगे, उन्हें स्वतंत्र ईरान में स्थान मिलेगा। एक्स पर एक पोस्ट में, पहलवी ने कहा कि ईरानी जनता इस्लामी गणराज्य के सुरक्षा तंत्र को कमजोर करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका और इज़राइल के प्रयासों का व्यापक रूप से समर्थन करती है, जबकि नेतृत्व पर नागरिकों को 'मानव ढाल' के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। निर्वासित युवराज ने अपनी पोस्ट में कहा, 'क्रांतिकारी गार्डों को नष्ट करने और इस्लामी गणराज्य के आतंक के ढांचे को ध्वस्त करने के अमेरिकी और इज़राइली संकल्प को ईरानी जनता का व्यापक समर्थन प्राप्त है।'

# ताइवान की समुद्री सीमा में चीन की बड़ी घुसपैठ! नौसेना के 6 जहाजों ने डाला डेरा

ताइपे। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को सुबह 6 बजे (स्थानीय समय) तक अपने क्षेत्रीय जलक्षेत्र के आसपास छह चीनी नौसैनिक जहाजों की मौजूदगी का पता लगाया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने तदनुसार कार्रवाई की। एक्स पर एक पोस्ट में रक्षा मंत्रालय ने कहा कि आज सुबह 6 बजे तक ताइवान के आसपास छह चीनी नौसेना के जहाजों का पता चला। दक्षिण कोरियाई सशस्त्र बलों ने स्थिति पर नजर रखी और कार्रवाई की। उड़ान पथ का कोई चित्रण प्रदान नहीं किया गया है, क्योंकि हमने इस दौरान ताइवान के आसपास चीनी नौसेना के विमानों को संचालित होते हुए नहीं देखा। ताइवान ने अपने क्षेत्र के आसपास 8 पीएलए जहाजों की मौजूदगी का पता लगाया। रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर लिखा आज सुबह 6 बजे (यूटीसी+8) तक ताइवान के आसपास 8 पीएलए जहाज देखे गए। आरओसी सशस्त्र बलों ने स्थिति पर नजर रखी और कार्रवाई की। उड़ान पथ का कोई चित्रण प्रदान नहीं किया



गया है, क्योंकि हमने इस दौरान ताइवान के आसपास पीएलए विमानों को संचालित होते हुए नहीं देखा।

ताइवान पर चीन का दावा एक जटिल मुद्दा है जिसकी जड़ें ऐतिहासिक, राजनीतिक और कानूनी तर्कों में निहित हैं। बीजिंग का दावा है कि ताइवान चीन का अभिन्न अंग है, यह दृष्टिकोण राष्ट्रीय नीति में निहित है और घरेलू कानूनों तथा अंतरराष्ट्रीय बयानों द्वारा समर्थित है। हालांकि, ताइवान अपनी एक अलग पहचान बनाए रखता है और अपनी सरकार, सेना और अर्थव्यवस्था के साथ स्वतंत्र रूप से कार्य करता है। ताइवान की स्थिति अंतरराष्ट्रीय बहस का एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनी हुई है, जो संप्रभुता, आत्मनिर्णय और अंतरराष्ट्रीय कानून में गैर-हस्तक्षेप के सिद्धांतों की परीक्षा लेती है, जैसा कि यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया के अनुसार है।

**Facebook:** https://www.facebook.com/profile.phpid=100063787346044 **Twitter:** https://twitter.com/mantrabharatt=8tJONQ7H-h6EKqqap2tVMw&s=08 **Mobile No:** 7007837917

मंत्र भारत : R.N.I. MAHHIN/ 2016/65841 स्वात्वाधिकारी राकेश शर्मा के लिए राकेश शर्मा द्वारा AIS Printing solution प्लॉट नं0-A- 544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एमआईडीसी माहपे-नवी मुंबई, थाने 400709 से मुद्रित एवं शाप.नं. 36, द्वितीय तल, प्लाट -490.1. जाम मील बिल्डिंग, डॉ बाबा साहेब अम्बेकर रोड, लाल बाग परेल, मुम्बई-400012प्रकाशित एवं सम्पादित । कार्यालय : शाप.नं. 36, द्वितीय तल, प्लाट -490.1. जाम मील बिल्डिंग, डॉ बाबा साहेब अम्बेकर रोड, लाल बाग परेल, मुम्बई-400012 । फोन : 022-24706563 । कार्यकारी सम्पादक- योगेन्द्र चौधरी
E-Mail : editormantrabharat@gmail.com mantrabharatmumbai@gmail.com । सम्पादक : विनोद आर शर्मा, मोबाइल : 7007837917 । समूह सम्पादक : डॉ दयानन्द तिवारी। वैधानिक सूचना : मंत्र भारत से संबंधित समस्त विवाद निपटारे के लिए मंत्र प्रधान कार्यालय क्षेत्र प्रयागराज/ इलाहाबाद न्यायालय ही होगा। प्रधान कार्यालयः 80ए मेंहदौरी, तेलियरगंज, प्रयागराज-211004 (नोटः कानूनी पत्र व्यवहार का पता प्रधान कार्यालय ही होगा।)